


# दैनिक क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना  वर्ष-14, अंक -92 जबलपुर, बुधवार 07 मई 2025  कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8  संपादक अरुण श्रीवास्तव


केंद्र सरकार ने जारी की देशभर के 244 जिलों की लिस्ट, जहां होगी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल, मध्य प्रदेश के भी 5 शामिल

# देश के 244 इलाकों में आज मॉक ड्रिल

## मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल के साथ ही ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में यह ड्रिल की जाएगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान से जारी तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के 244 जिलों की लिस्ट जारी की है, जहां 7 मई, बुधवार को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की जाएगी। इसके जरिए आम लोगों को बताया जाएगा कि पाकिस्तान की ओर से हवाई या किसी भी तरह का हमला होने पर खुद को कैसे बचाना है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की लिस्ट में मध्य प्रदेश के 5 और छत्तीसगढ़ का एक जिला शामिल है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल के साथ ही ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में यह ड्रिल की जाएगी। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में ड्रिल होगी।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है. आतंक के पनाहगार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारत कई तरह के कदम उठा रहा है. कूटनीति से लेकर आर्थिक मोर्चे तक हर कदम पर पाकिस्तान और आतंकियों की कमर तोड़ी जा रही है. इस बीच भारत सरकार का सबसे बड़ा फैसला सामने आया है. दरअसल पाकिस्तान से बढ़ते तनाव और युद्ध की आशंकाओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 7 मई को एक समन्वित मॉक ड्रिल आयोजित करने का निर्देश दिया है. इस दौरान आपके शहर में भी युद्ध के सायरन बज सकते हैं. ऐसे में आपको क्या करना है और ये युद्ध का



सायरन कैसे बजेगा इससे जुड़े हर सवाल का जवाब जानिए इस लेख में.

**क्यों बजाया जा रहा है युद्ध का सायरन**

इस अभ्यास का उद्देश्य देशवासियों को युद्ध जैसे आपात हालात में सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और आत्म-सुरक्षा के लिए तैयार करना है. गृह मंत्रालय की ओर से राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए आधिकारिक परिपत्र के अनुसार, मॉक ड्रिल में युद्ध चेतावनी सायरन का संचालन, नागरिकों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और बंकरों व खाइयों की सफाई जैसे प्रमुख कदम शामिल होंगे. यह अभ्यास वास्तविक आपात स्थिति की तैयारी के तौर पर किया जा रहा है, जिससे आम जनता को यह समझने में मदद मिले कि सायरन बजने पर उन्हें क्या करना चाहिए.

**कहां- कहां बजेगा युद्ध का सायरन**

बता दें कि यह जंग की चेतावनी वाला सायरन बेहद तेज और कंपन युक्त आवाज़ में बजता है, जिसकी तीव्रता 120 से 140 डेसिबल होती है और यह 2 से 5 किलोमीटर की दूरी तक सुनाई दे सकता है. इसकी आवाज आम हॉर्न या एंबुलेंस की आवाज से अलग होती है. यह सायरन आमतौर पर प्रशासनिक भवनों, पुलिस मुख्यालयों, फायर स्टेशनों, सैन्य ठिकानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील इलाकों में लगाया जाता है.

**कब-कब बज चुका है जंग का सायरन**

बता दें कि युद्ध का सायरन भारत में चार बार बज चुका है. इतिहास के पन्नों को पलटें तो इस तरह के सायरन का प्रयोग 1962 के चीन युद्ध के दौरान देखने को मिला था. इसके तीन वर्ष बाद यानी 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों के मौके पर भी यह सायरन बजा इसके बाद 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान इस सायरन का इस्तेमाल कुछ जगहों पर हुआ था. हालांकि पूरे देश में आखिरी बार 1971 में ही युद्ध का सायरन बजा था.

**मॉक ड्रिल के दौरान आपको क्या करना होगा?**

ड्रिल के दौरान जैसे ही सायरन बजेगा, नागरिकों को तुरंत खुले स्थानों से हटकर नजदीकी सुरक्षित इमारतों, बंकरों या तहखानों में जाना होगा. पैनिक से बचना और शांति से निर्देशों का पालन करना अत्यंत आवश्यक होगा. सरकारी रेडियो, टीवी या अलर्ट सिस्टम से मिली जानकारी पर ध्यान देना और अफवाहों से दूर रहना जरूरी है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को यह सिखाना है कि कैसे 5 से 10 मिनट के भीतर सुरक्षित स्थान तक पहुंचा जाए और संकट के समय में संयम कैसे रखा जाए. इस अभ्यास से आपातकालीन स्थितियों में लोगों की प्रतिक्रिया क्षमता को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है.

**क्यों है यह अभ्यास जरूरी?**

आधुनिक समय में खतरे सिर्फ पारंपरिक युद्ध तक सीमित नहीं हैं. हवाई हमले, ड्रोन स्ट्राइक या साइबर हमलों जैसी जटिल परिस्थितियों में आम नागरिकों की सतर्कता और प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. यह मॉक ड्रिल न सिर्फ उन्हें तैयार करेगी, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की तैयारियों का भी परीक्षण करेगी.

**अफवाहों से बचें और पैनिक न हों**

इस दौरान सबसे ज्यादा जरूरी जो बात है वह है अफवाहों से बचना. ये मॉक ड्रिल सिर्फ लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से आयोजित की जा रही है और इसे आपात स्थिति में किसी भी तरह पैनिक न हों. अफवाहों से बचें क्योंकि ऐसे वक्त पर कुछ तरह के असामाजिक तत्व अफवाहें फैलाकर आपको परेशान कर सकते हैं.

# बेटियाँ बढ़ा रही हैं प्रदेश का मान, सम्मान और गौरव -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)।-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 76.22 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 74.48 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पिछले 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सफलता हासिल की है। यह सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल है। प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। बेटियाँ हमारा, मान, सम्मान और गौरव बढ़ा रही हैं। हाईस्कूल में सिंगरौली की बेटी प्रज्ञा जायसवाल ने शत प्रतिशत 500 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान और हायर सेकेण्डरी में भी सतना अमरपाटन की बेटी प्रियल द्विवेदी ने 492/500 (विज्ञान गणित समूह) अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित हाईस्कूल 10वीं एवं हायर सेकेण्डरी 12वीं परीक्षा वर्ष 2024-25 के परिणामों को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से घोषित कर सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अभिभावकगण एवं शिक्षकगणों को भी बधाई दी।

**एमपी 12वीं बोर्ड का रिजल्ट, 74.48 स्टूडेंट पास, मैहर की प्रियल द्विवेदी टॉपर, नरसिंहपुर सबसे आगे,**



भोपाल. माध्यमिक शिक्षा मंडला की 12 की परीक्षा का परिणाम आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जारी कर दिया. इस वर्ष 7 लाख 6 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें इनमें से 74.48 प्रतिशत स्टूडेंट्स उत्तीर्ण हुए है. मैहर की प्रियल द्विवेदी ने मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है. प्रियल कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल अमरपाटन की स्टूडेंट हैं. प्रियल सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं. उन्होंने कहा कि रेगलुर स्कूल जाएं, मन लगाकर पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलती है.

## एमपी 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम- सिंगरौली की प्रज्ञा स्टेट टॉपर 500/500 अंक मिले, 212 मैरिट में, 145 लड़कियां, 76.22 उत्तीर्ण

भोपाल. मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं क्लास के रिजल्ट मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने आज जारी कर दिए. 10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया. रीवा के आयुष द्विवेदी 499 अंक के साथ सेकंड व जबलपुर की शैजाह फातिमा 498 अंक के साथ थर्ड टॉपर रहीं. मेरिट में 212 स्टूडेंट्स हैं, जिसमें 145 लड़कियां शामिल हैं. इस साल 9 लाख 53 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी. इनमें से 76.22 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए. सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि असफल स्टूंडेंट्स स्वयं को फेल न समझें उनको परीक्षा का एक और मौका मिलेगा. माशिमं की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज का कहना है कि जो छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं. वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे. यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत की गई.

# ढाई करोड़ रुपये गबन के आरोपी पूर्व विशप पीसी सिंह कर्नाटक से गिरफ्तार, 9 राज्यों में दर्ज हैं 64 मामले



जबलपुर।(नगर प्रतिनिधि) जबलपुर डायोसिस के पूर्व बिशप पीसी सिंह को आर्थिक अपराध ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने ढाई करोड़ रुपये के गबन मामले में कर्नाटक के मंगलोर से गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब, हरियाणा और प्रवर्तन निदेशालय में 64 मामले दर्ज हैं। ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी और कूट रचना के आरोप में यह कार्रवाई की।

ईओडब्ल्यू के अनुसार, पीसी सिंह और एनडीटीए चेयरमैन पाल दुपारे ने कटनी के बास्लेय स्कूल की 0.22 हेक्टेयर भूमि के रेलवे द्वारा अधिग्रहण पर प्राप्त मुआवजा राशि 2,45,30,830 रुपये का गबन किया। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों ने स्कूल प्राचार्य के नाम से कोर्ट में कूटरचित दस्तावेज पेश किए और मुआवजा राशि को एनडीटीए के अधिकृत खाते के बजाय निजी खातों में स्थानांतरित करवाया। पीसी सिंह ने इस प्रक्रिया में एनडीटीए से कोई अनुमति नहीं ली। ईओडब्ल्यू ने उन्हें मंगलोर से हिरासत में लिया, जबकि दूसरा आरोपी पाल दुपारे अभी फरार है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का दावा-पीएम मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, फिर यह किया

रांची. (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था. उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी. इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया. मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी.

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे. झारखंड की राजधानी रांची में संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी. उन्होंने पूछा, क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है. उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस



पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है.

पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए गए?

उन्होंने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुद खुफिया चूक स्वीकार कर ली है. पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है. पार्टी से परे देश सर्वोच्च है. हालांकि, खरगे ने यह आरोप भी लगाया कि संभावित आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट के बाद पीएम मोदी ने कश्मीर का दौरा रद्द कर दिया.

मामले में भाजपा ने पलटवार किया. झारखंड भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खरगे की टिप्पणी ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आई है, जब आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है.

# इंदौर बैतूल हाईवे के कलवार घाट पर दो बसों में भिड़ंत, 45 से ज्यादा घायल, एक की मौत



देवास।(आरएनएस)। इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे पर सड़क हादसों के लिहाज से डेंजर जोन में शामिल कलवार घाट में मंगलवार दोपहर एक चार्टर्ड बस व एक अन्य यात्री बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक-दो अन्य वाहन भी चपेट में आ गए। जोरदार टक्कर के बाद दोनों बसों में सवार 45 से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को कन्नौद के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया जो चार्टर्ड बस का ड्राइवर कमलेश निवासी खातेगांव बताया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों का प्राथमिक उपचार करके इंदौर रेफर किया जा रहा है। वहीं अधिकांश यात्रियों को सामान्य चोट आई है जिनमें से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस जगह हादसा हुआ वह घाट से जुड़ा हुआ है और वहां पर खतरनाक मोड़ है। यात्रियों के अनुसार चार्टर्ड बस हरदा से इंदौर की ओर जा रही थी जबकि दूसरी यात्री बस इंदौर की ओर से आ रही थी मोड पर दोनों बसों के बीच जोरदार टक्कर आमने-सामने से हो गई। घायल होने वालों में अधिकांश यात्री देवास, इंदौर हरदा व अन्य जिलों के हैं।

## पुंछ में खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 4 की मौत, 44 घायल

जम्मू. (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. मंगलवार सुबह एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 44 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर मानकोट इलाके के सांगरा के पास उस समय हुआ, जब बस घनी गांव से मेंढर की ओर जा रही थी. बस अचानक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी.

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस, सीआरपीएफ और सेना के जवान बचाव कार्य के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे. सभी घायल यात्रियों को खाई से निकालकर नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया.

# शादी से ठीक पहले भांजे के साथ मौसी हुई फरार

नालंदा, बिहार। (आरएनएस)। बिहार के नालंदा जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां शादी से ठीक पहले दुल्हन अपने चचेरे भांजे के साथ फरार हो गई। यह घटना बिंद थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां 11 मई को युवती की शादी तय थी और दूल्हा बारात लेकर पहुंचने ही वाला था।

शादी की तैयारियों के बीच घर में गीत-संगीत और मेहमानों की चहल-पहल थी, लेकिन अचानक युवती के लापता होने से कोहराम मच गया। खोजबीन के बाद पता चला कि युवती अपने ही भांजे के साथ भाग गई है, जिससे वह मौसी लगती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और घरवालों द्वारा रिश्ता स्वीकार न किए जाने के कारण युवती की शादी कहीं और तय कर दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक, दोनों ने साथ रहने का फैसला लिया और शादी से पहले ही फरार हो गए। इस घटनाक्रम ने परिवार और गांव में सनसनी मचा दी है। बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं की गई है। शिकायत मिलने पर पुलिस विधिसम्मत कार्रवाई करेगी।।

# ट्रेन से लापता हुए केंद्रीय मंत्री, 162 किमी दूर दूसरी ट्रेन में मिले

## दिल्ली से जबलपुर तक मचा हड़कंप, रेलवे ने चलाया 3 घंटे का सर्च ऑपरेशन



भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव शनिवार रात दिल्ली से जबलपुर आ रही गोंडवाना एक्सप्रेस से रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। आखिरी बार उन्हें हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर ट्रेन में देखा गया था, लेकिन रविवार सुबह दमोह स्टेशन पर उनकी बर्थ खाली मिली। इस खबर से रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया।

करीब 3 घंटे तक ट्रेन और ट्रैक पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बाद मंत्री 162 किलोमीटर दूर सिहोरा स्टेशन पर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच बी3 की बर्थ नंबर 57 पर मिले। उनके हाथ-पैर में चोट के निशान भी पाए गए।

**शुगर लो हुआ, चढ़ते समय फिसले और दूसरी ट्रेन में बैठ गए**

सूत्रों के अनुसार, सुबह 3ः45 बजे दमोह स्टेशन पर मंत्री ट्रेन से उतरे थे, तभी उनका शुगर लेवल कम हो गया और ट्रेन चल पड़ी। चढ़ने की कोशिश में उनका पैर फिसला और वे घायल हो गए। उसी दौरान दूसरे प्लेटफॉर्म पर खड़ी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में वे बैठ गए।

**जबलपुर में हुआ प्राथमिक इलाज**

मंत्री को सुबह 6ः55 बजे सिहोरा स्टेशन पर आरपीएफ ने ढूंढ निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर लाया गया। पूरे घटनाक्रम पर अभी तक मंत्री की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

रेलवे अधिकारी डॉ. मधुर वर्मा और सिहोरा आरपीएफ प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि सूचना मिलते ही पूरे रेल मार्ग पर अलर्ट जारी किया गया था। मंत्री के जबलपुर पहुंचते ही उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई गई।

## 12 बंदरों को गोली से उड़ाया, 11 की दर्दनाक मौत

मथुरा. उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां गोवर्धन थाना क्षेत्र के गोविंद कुंड के पास एक विदेशी नागरिक द्वारा कथित रूप से दो दर्जन से अधिक बंदरों को एयरगन से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया. बंदरों की लाशें देखकर श्रद्धालु और स्थानीय लोग सन्न रह गए. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृत बंदरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि विदेशी आरोपी पिछले कुछ समय से जानकी दास आश्रम में रह रहा था और वहीं से यह शर्मनाक कृत्य अंजाम दिया. पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि बंदरों के शरीर पर एयरगन की गोलियों जैसे घाव पाए गए हैं,

# बारातियों से भरी स्कॉर्पियो कार और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, आठ लोगों की मौत



कटिहार.(आरएनएस)। बिहार में देर रात स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर की टक्कर में आठ बारातियों की मौत हो गई. यह दुर्घटना कुर्सेला थानाक्षेत्र के एस एच 77 दियारा चांदपुर टिकापट्टी बजरंगबली मंदिर के पास हुई. इस दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी को समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया. इस दुर्घटना के बाद जिस घर में खुशी का माहौल था, वह मातम में बदल गया. जानकारी के मुताबिक, करीब एक बजे सड़क पर मक्के से लदी ट्रैक्टर को स्कॉर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है. वहीं, दो लोग घायल बताए जा रहे हैं. मोटरसाइकिल से पीछे से आ रहे बाराती ने बताया कि यह बारात पुर्णिया के बरहरा कोठी डिबरा बाजार से कुर्सेला के समीप कोसकीपुर गांव जा रही थी. दियारा चांदपुर पुल के समीप सड़क पर रखे मक्का के ढेर पर स्कॉर्पियो का चक्का चढ़ जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी मक्के से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई. इसके बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए.

बारात जा रहे परिजन ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गए. घायलों को स्थानीय पुलिस ने समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. डाक्टर ने आठ को मृत घोषित कर दिया. घायलों में दो की हालत गंभीर है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. परिजन ने बताया कि जिस घर में खुशी का माहौल था, वह इस घटना के होने के बाद मातम में बदल गया है. जिस गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ है, उसमें सभी सगे संबंधी और रिश्तेदार थे. पीड़ित परिजनों का कहना है कि सड़क पर लोगों द्वारा मक्का सुखाने व मक्का लोड करने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने की बात सामने आती है. उनका आरोप है कि प्रशासनिक स्तर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर आधी सड़कों पर मक्का सुखाने के लिए पसार दिया जाता है, जिसका खामियाजा सड़क पर यात्रा करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है.



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बेलबाग में रात श्रीमति नम्रता जाट पति रितेश जाट उम्र 40 साल निवासी ओम साँई दुर्गा मंदिर कंजड़ मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति रितेश जाट काम पर न जाकर शराब पीने के लिये पैसा मांगा तो उसने पैसे देने से मना कर दी उसके बाद नानी के घर चली आई तो वह पीछे पीछे नानी के घर आकर शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगा तो उसने पैसे देने से मना किया तो इसी बात को लेकर नानी के घर बाहर गालीगलौज कर हाथ घूसो से मारपीट करने लगा और सब्जी काटने वाले चाकू से हमलाकर माथे पर एवं दाहिने हाथ की कलाई में चोट पहुंचा दी

# आधे से ज्यादा शहर फिर पानी के लिए त्राहिमान






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज 3 से 4 दिनों से आधे से यादा शहर फिर पानी के लिए त्राहिमानं कर रहा है। कारण है रमनगरा पाइपलाइन का फिर से फूटना। ग़ौरतलब है कि रमनगरा पाइपलाइन अपनी खराब गुणवत्ता और खराब रखरखाव के चलते ,किसी ना किसी कारण आये दिन जनता के लिए मुसीबत का सबब बनकर खड़ी हो जाती है। ऐसा लगता है मानो रमनगरा पाइपलाइन के भाग्य में जैसे दरार, जंग, लीकेज और फूटना ही बसा है।

दरअसल भाजपा शासित स्थानीय नगर निगम सरकार में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि जब भी पाइपलाइन फूटती या खराब होती है उस समय ना तो उसे बनाने के दौरान कोई गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता है और ना ही विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में दक्ष इंजीनियर्स के द्वारा क्वालिटी वर्क कराने की ओर किसी का कोई ध्यान रहता है। यही कारण है कि जब देखो तब रमनगरा पाइपलाइन या तो खराब हो जाती है या फिर फूट जाती है। और सामना जनता को करना पड़ता है। इसी को लेकर पूरे कांग्रेस के जनप्रतिनिधि इस मुसीबत की घड़ी मै जनता के सात खड़े है और हर गली मोहल्ले में पानी के टैंकर से पानी की व्यवस्था कर रहे है इसी तरह कई वर्षों मै हर गली हर मोहल्ले से सैय्यद ताहिर अली सांसद प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद के द्वारा लोगो को टैंकर के माध्यम मै पानी पहुंचाया गया

## जिले में बारहवी का 74.28 तथा दसवीं का 70.45 रहा परीक्षाफल

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जिले में पिछले वर्ष की तुलना में परीक्षा फल में सुधार रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि कक्षा दसवीं में पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम 55.9 था जो इस साल बढ़कर 70.45 हो गया है।

इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में पिछले वर्ष 71.53 था जो कि इस वर्ष बढकर 73..91 हो गया है।

कक्षा दसवीं में राज्य स्तर कि प्रावीन्य सूची में कुल 5 बच्चो ने अपनी जगह बनायीं जो कि निम्नानुसार है –

1–शैजहा फातिमा
शा मॉडल स्कूल जबलपुर
2–मो अशहद
स्प्रिंग डे स्कूल जबलपुर
3–रौनक बनसोड
शा मॉडल स्कूल जबलपुर
4–प्रिंस राठौर
शा हाई स्कूल गाडाघाट
5–पूर्णिमा यादव
मिस्पा मिशन स्कूल सिहोरा

कक्षा बारहवीं कि राज्य स्तर कि प्रवीन्य सूची में जबलपुर जिले के 8 बच्चों ने अपनी जगह बनायीं जो कि निम्नानुसार है–

1– कार्तिक गुप्ता
सीएम राइज मेडिकल
2–कु सिमरन साहू
सलेम स्कूल खितोला
3– ओम दुबे
शा मॉडल स्कूल जबलपुर
4–कु अमृता पांडे
शा मॉडल स्कूल जबलपुर
5– कु सिद्धि शुक्ला
ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल रेगवा
6–एकांश राजपूत
सेंट थामस स्कूल जबलपुर
7–कृष्ण बहादुर
तान्या कान्वेंट पाटन
8–कु कसकशा अंजुम
शा बालक पनागर

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन अंतर सिंह आर्य से शरद अग्रवाल ने की मुलाकात



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के चेयरमैन श्री अंतर सिंह आर्य के जबलपुर आगमन पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल ने शाल , मोती की माला पहनाकर स्वागत किया एवं गोंडी चित्रकला पुस्तक व साहित्य संस्कार पत्रिका भेंट की।

## धन्या ठाकुर ने 12वीं वाणिज्य में 88प्रति. अंक प्राप्त किये



जबलपुर–मैं कक्षा 12 वाणिज्य स्ट्रीम की धन्या ठाकुर हूँ मैं अपने बोर्ड के परिणामों के लिए अविश्वसनीय रूप से खुश और आभारी हूँ। मुझे पता है कि मेरे शिक्षकों आदरणीय दुआ सर, रोशिनी मैम, ज्योति प्यासी मैम, अंशु मैम और मेरे परिवार और दोस्तों के समर्थन के बिना यह संभव नहीं होता। यह उपलब्धि यहाँ तक पहुँचने के लिए की गई कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है, और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि यह सफलता किन अवसरों को खोलेगी। मैं अपनी शिक्षा जारी रखने और सीए के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूँ।

## मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने सैलरी पैकेज के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक से किया एग्रीमेंट



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ सैलरी पैकेज के लिए एग्रीमेंट किया है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह एवं निदेशक कॉमर्शि?यल मिलिन्द भांदक्कर के निर्देशन में किए गए एग्रीमेंट से पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्यरत अभि?यंताओं व कार्मिकों को लाभ होगा। कंपनी में कार्यरत कार्मिक स्वेच्छा से इन दोनों बैंको में से किसी भी बैंक से अपना वेतन प्राप्त कर सकते हैं जिससे कार्मिकों को बैंक द्वारा निःशुल्क जीवन बीमा व अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं निःशुल्क अथवा रियायती दरों पर प्राप्त होंगी।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का एसबीआई व यूनियन बैंक से एग्रीमेंट होने से खाताधारक कंपनी कार्मिक को दोनों बैंक 1 करोड़ रूपए का दुर्घटना जीवन बीमा निःशुल्क प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त वेतन प्राप्त करने वाले खाता धारकों को बैंक से अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे, जिसमें निःशुल्क अथवा रियायती दरों पर होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन, लॉकर सुविधा, ओवर ड्राफ्ट, चेक, ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा, जीवन बीमा, स्वास्थ बीमा, हेल्थ चैकअप, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, ऑनलाइन जिम सब्सक्रिप्शन, फ्री एयरपोर्ट लॉन्ज आदि शामिल है।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से एग्रीमेंट क्रि?यान्व?ित करने में जबलपुर मुख्यालय स्थित मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। दोनों बैंकों से एग्रीमेंट निष्पादित करने के दौरान मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन डीके कश्यप, मुख्य वित्तीय अधिकारी रूपेश शाह, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय जैन व बैंको के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैंको से किए जाने वाले एग्रीमेंट की प्रक्रि?या में मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय में पदस्थ संयुक्त निदेशक हर्षवर्धन सिंह कोट, लेखाधिकारीद्वय आशीष मिश्रा व रेशमी पाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव – पहले दो दिनों में 26% सब्सक्राइब

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03त्न सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा।अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है।

## कार से आईल गिर रहा है कहते हुये कार सवारों को ध्यान भटकाकर कार की सीट पर रखा बैग जिसमें नगद 3 लाख रुपये थे चुराने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर में अजय पुरी गोस्वामी उम्र 37 वर्ष निवासी भुआ विछिया थाना विछिया जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मिठाई का व्यापार करता है आज सुबह लगभग 10–30 बजे वह महानद्दा अग्रवाल प्लाईबुड दुकान में सनमाईका संबंधित वस्तुऐं खरीदने अपनी स्कार्पियो मे आया था दुकान से थोड़ी दूर आगे स्कार्पियो खड़ी किया था खरीददारी कर लगभग 11–40 बजे वह अपनी वाहन के पास गया तभी वहां 2 लड़के आये और उनमें से एक लडके ने आयल जैसा कुछ गिराते हुये उसके ड्रायवर रवि से कहा कि भैया आपकी गाड़ी में सामने से आयल गिर रहा है तो ड्रायवर सामने आयल देखने गया जिसे लगा कि आयल कहीं से गिर रहा है रवि ने आवाज दी कि भैया गाड़ी में आयल दिख रहा है बोनट खोल कर चैक करना पड़ेगा वह गाड़ी के सामने आकर आयल देख रहा था कि आयल कहां से गिर रहा है गाडी में बैठे उसके विश्वकर्मा जी को बाहर किसी अन्य व्यक्ति ने इशारा किया कि आपको सामने बुला रहे हैं विश्वकर्मा जी वाहन से उतरकर सामने आये तभी ड्रायवर साईड के पीछे का गेट खोलकर लगभग तीन लाख रूपये से भरा बैग चुरा ले गये।

## भजन बिना नर फीको,युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग धर्म संरक्षण में लगायें-इंद्रेश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वामी महेन्द्रानन्दजी के नेतृत्व में हो रहे श्री शिवसमाराधना महायज्ञ व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पञ्चम दिवस में पवई धाम सरकार को कथा श्रवण कराते हुए श्री इन्देश जी उपाध्याय ने भगवान बाल कृष्ण की अद्?भुत लीलाओं का वर्णन किया। महाराज श्री कहते है कि अविद्या ही पूतना है, अपने गुणों पर गर्व होना ही पूतना है और मात्र छः दिन के होने पर ही बालकृष्ण ने पूतना का वध कर दिया। भगवान् कितने दयालु है कि जो पूतना भगवान को को मारने आई थी उसे भगवान् ने माता की गति प्रदान कर दी।



वाणी का सदुपयोग तभी होगा जब इससे भगवान् के निर्मल यशचरित्र का किया जाए। कान इसलिये ही मिले है कि इनसे भगवान की लीलाकथा का श्रवण कराया किया जाए। हाथ सत्कर्म करने को, मन सत्? चिन्तन करने को पैर भगवद्?धाम जाने को, स्मृति भगवद?स्मरणको सिर भगवद्चरणों में झुकने को और दृष्टि सारे जग में एकमात्र ब्रह्म का दर्शन करने को ही हमें मिले है ।

शकटासुर वध, नामकरण–लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन धरण लीला इत्यादि आदि का वर्णन इंद्रेश जी ने किया ।

7 मई 2025 तक यह कथा पवई धाम सरकार, पाटन में चलेगी। मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी का पवई आगमन मौसम खराब होने के कारण मझौली से पवई नहीं पहुंच पाए क्योंकि हेलीकॉप्टर को वहां पहुंचने में असुविधा थी इस कारण उपस्थित भक्तगणों को उन्होंने मोबाइल के द्वारा श्री बलराम यादव जी के मोबाइल पर संबोधन किया एवं महाराज श्री से आशीर्वाद लिया एवं ना पहुंच पाने का खेद व्यक्त किया ।7 तारीख को होने वाली कथा का समय सुबह 8ः00 बजे से रहेगा । मंच संचालन जितेंद्र पचौरी ने किया । सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्री श्याम मनोहर जी पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, सह यजमान श्री लाल सिंह यादव ,श्री राकेश पचौरी, श्री योगेश गोर मथुरा श्री इन्द्र सिंह यादव,श्री प्रमोद पलहा, श्री बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , श्री नवनीत माहेश्वरी,श्री विष्णु शंकर जी पटेल श्री गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , आनंद पटेल,गोविंद पटेल,मुकुल पचौरी,मदन मोहन पचौरी,देवेंद्र सिंह, नितिन भाटिया , कौशल किशोर सूरी, किरण मलहोत्रा आदि ने श्रीमद् भागवत पूजन किया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

### लोककर्म विभाग — द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 102 Date- 06.05.2025 2025_ UAD 421439_1 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत कांजीपुरम में अरूण काका के घर से शारदा स्वामी जी के घर तक एवं श्री शिवधारी प्रसाद के घर से् बद्री प्रसाद के घर तक एम–30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशसा) | 02 माह<br>रू. 07.93 लाख | 2000/–<br>7933/– | 19.05.2025 |
| 2 | PRO- 102 Date- 06.05.2025 2025_ UAD 421439_2 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत इमलिया पिपरिया में अज्जू ठाकुर के घर से राजू यादव के घर तक एम–30 सी.सी. सड़क एव सविता पटेल के घर से ममता लोधी के घर के सामने आर.सी.सी. नाली निमार्ण कार्य। (पार्षद अनुशसा) | 02 माह<br>रू. 05.43 लाख | 2000/–<br>5433/– | 19.05.2025 |
| 3 | PRO- 102 Date- 06.05.2025 2025_ UAD 421439_3 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत इमलिया पुरानी बस्ती में धर्मेन्द्र शुक्ला से रमेश रजक जी के घर तक एम– 30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशसा) | 02 माह<br>रू. 08.67 लाख | 2000/–<br>8670/– | 19.05.2025 |
| 4 | PRO- 102 Date- 06.05.2025 2025_ UAD 421439_4 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत इमलिया पिपरिया में डैनी काछी के घर से सुरेन्द्र कुमार लोधी के घर तक एम–30 सी.सी. सड़क एव आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशसा) | 02 माह<br>रू. 05.09 लाख | 2000/–<br>5094/– | 19.05.2025 |
| 5 | PRO- 102 Date- 06.05.2025 2025_ UAD 421439_5 | वार्ड क्रं. 76 के अंतर्गत इमलिया पुरानी बस्ती में प्यारे लाल यादव के घर से सुनील यादव जी के घर तक एम– 30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशसा) | 02 माह<br>रू. 04.00 लाख | 2000/–<br>4000/– | 19.05.2025 |

नोट– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ,**
**लोककर्म विभागनगर निगम जबलपुर**



भोपाल -उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने योग गुरु पद्मश्री शिवानन्द बाबा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री शिवानंद बाबा ने योग के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन को स्वस्थ और सुखी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी योग शिक्षा ने न केवल भारत में, बल्कि विश्व भर में लोगों को प्रेरित किया और योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में स्थापित करने में मदद की।

**पेसा कानून में जल, जंगल, जमीन संरक्षण के लिए बैगा, भारिया व सहरिया जनजाति के लिए 1600 करोड़ की स्वीकृति- किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन**

# हृदय शाह के मोतीमहल, रानीमहल सहित शंकर शाह, रघुनाथ शाह एवं रानी दुर्गावती के स्मारकों का किया जाएगा विकास-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान से लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है, जो जल जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आये हैं। हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में क्रांति सूर्य टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हृदय शाह द्वारा बनाये गए मोती महल का अवलोकन करते हुए लोक कला प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव शामिल होंगे। रामनगर में आदि उत्सव'' के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए शासन द्वारा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के लिए 1600 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 2600 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को 5 रुपये में बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। सभी किसानों को सोलर पम्प प्रदान कर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। अब प्रदेश का किसान बिजली का उत्पादन भी करेगा, बिजली शासन द्वारा क्रय की जाएगी।

गाय भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि म.प्र. में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के किसानों को 25 गाय या भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं 200 गाय या भैंस खरीदने पर 50 गाय या भैंस शासन द्वारा दी जाएगी।


आदि उत्सव में हुआ जनजातीय कन्याओं का विवाह आयोजन

आदि उत्सव में 600 कन्याओं का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विवाह हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सभी नव-विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत कन्याओं को मिलने वाली 49 हजार रुपये की राशि के चेक भी प्रदान किये।

बच्चों को वकील, डॉक्टर और इंजीनियर बनाइये कॉलेज की फीस शासन वहन करेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए कहा कि वकील, डॉक्टर और इंजीनियर जो चाहे बनाइये। बच्चों के कॉलेजों की फीस शासन द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अच्छी से अच्छी कोचिंग दिलायी जाएगी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि रामनगर में सन् 2015 से लगातार आदि उत्सव'' का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आदि उत्सव में आदिवासी लोक संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाती है। आदि उत्सव कार्यक्रम में पहुँचे लोगों को उन्होंने बधाई व शुभकामनाएं दी। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि आदि उत्सव कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के आदिवासी लोग शामिल होते हैं। गोंडवाना गोंड राजाओं ने 1500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। आदि उत्सव'' में आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के बारे में बताया जाता है। इससे आने वाली पीढ़ी अपने आदिवासी समाज की संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास से अवगत हो सकेगी। रामनगर में आयोजित आदि उत्सव में म.प्र. के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायक और सांसद भी शामिल हुए। कार्यक्रम में केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उइके, केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री समाज कल्याण अनु.जा. एवं जन. कल्याण श्री संजीव गौंड़, शहडोल लोकसभा सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, लोकसभा सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, विधायक सिहोरा श्री संतोष वरकड़े, विधायक शहपुरा श्री ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक धरमपुरी श्री कालूसिंह ठाकुर, विधायक रामकोला उत्तरप्रदेश श्री विनयप्रकाश गौंड़, मंडला जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, डिंडौरी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, श्री रामप्यारे कुलस्ते, श्री शिवराज शाह, श्री पंडित सिंह धुर्वे, श्री प्रफुल्ल मिश्रा, शिवारानू राजपूत, श्री शिवकुमार वर्मा, श्री अखिलेश उपाध्याय और श्री दिलीप मरकाम भी मौजूद रहे।

## चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए समयानुसार नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्तियाँ सुनिश्चित करें-उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए कृतसंकल्पित है और इस दिशा में मानव संसाधन की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नियुक्तियों में अनावश्यक विलंब न हो, यह प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि परिणाम घोषित होने के पश्चात नियुक्ति में तत्परता बरती जाए एवं समस्त आवश्यक औपचारिकताओं की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए चिकित्सकीय मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्य है। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। हर दिन महत्वपूर्ण है, इसलिए नियुक्ति प्रक्रिया की दैनिक समीक्षा एवं फॉलो-अप किया जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भवन स्वामी दण्ड से बचने के लिये 31 दिसम्बर के पूर्व फायर प्लॉन प्रस्तुत करें

भोपाल (आरएनएस) ।नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश में निश्चित ऊँचाई से बड़े भवनों में अग्नि दुर्घटना से बचाव के इंतजामों का निरीक्षण करने और नियमों की अनदेखी करने वाले भवनों को चिन्हित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस कार्य को प्राथमिकता दिये जाने के लिये कहा है।

प्रदेश में फायर सेफ्टी प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाने के संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश के अनुसार भवन स्वामी अब 31 दिसम्बर, 2025 तक फायर प्लॉन प्रस्तुत कर संबंधित अग्निशमन प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर सकेंगे। नियत तिथि के बाद फायर प्लॉन प्रस्तुत नहीं करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध दण्ड के अधिरोपण की कार्रवाई नियत नियम के अनुसार की जायेगी।

निर्देशों में कहा गया है कि फायर सेफ्टी प्लॉन के कण्डिका क्रमांक-2 में उल्लेखित भवन, जो कि पूर्व से निर्मित हैं, उन्हें 2 माह के भीतर एनबीसी से निर्धारित मानक अनुसार फायर प्लॉन तैयार कर अनुमोदन के लिये अग्निशमन प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निर्देश में यह भी बताया गया है कि अग्निशमन अधिकारी द्वारा आवेदन प्राप्ति के एक माह के भीतर फायर प्लॉन का अनुमोदन किया जायेगा। कण्डिका में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 2 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी फायर प्लॉन तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं करता है, तो विलंब शुल्क के साथ 500 रुपये प्रतिदिन की दर से और एक वर्ष के बाद एक हजार रुपये प्रतिदिन की दर पर दण्ड शुल्क देय होगा। राज्य शासन ने नगर निगमों के लिये आयुक्त नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद के लिये संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले प्रकरणों के लिये जिला कलेक्टर और छावनी परिषद क्षेत्र जबलपुर, महू, मुरार, पचमढ़ी और सागर के लिये अधिशासी अधिकारी को अग्निशमन प्राधिकारी घोषित किया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिन भवनों के लिये फायर सेफ्टी प्लॉन के प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है, उनमें 15 मीटर से ऊँचे समस्त भवन, एक तल पर 500 रू2 से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले समस्त भवन (आवासीय एवं धार्मिक और सामुदायिक भवनों को छोड़कर) शामिल किये गये हैं। कोई भी होटल और अस्पताल, जिसमें 50 से अधिक पलंग और बिस्तर हों, उन्हें भी शामिल किया गया है। नियमों में 50 से कम पलंग वाले होटल, 50 बिस्तरीय अस्पताल पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाणीकरण प्रस्तुत करेंगे। फायर सेफ्टी प्लॉन के संबंध में दिशा-निर्देश संबंधित क्षेत्र के नगरीय निकायों के कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

**राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ हुआ परस्पर संवाद कार्यक्रम**

# किसान के खेत से निकलता है विकसित भारत का रास्ता- उप राष्ट्रपति धनखड़





भोपाल-(आरएनएस) उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से निकलता है। इसलिए कृषि के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं और कृषि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव एवं खुशहाली लाने में अपना योगदान दें। प्रयास ऐसे हों कि किसान केवल फसल उत्पादक बनकर ही न रहें, अपितु वे एग्री-प्रीनियर (कृषि उद्यमी) बनें। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ रविवार को ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के परस्पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कृषि विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे तकनीक और अनुसंधान का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र में बदलाव के प्रबंधक बनें। संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उप राष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ और विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला मंचासीन थे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति किसानों के कल्याण का संदेश देती है। वर्तमान दौर में किसानों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान-जय किसान के साथ जय विज्ञान जोड़ा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान में जय अनुसंधान को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि कृषि विद्यार्थी विज्ञान और अनुसंधान के केन्द्र बिंदु होते हैं। इसलिए विद्यार्थी इस कसौटी पर खरे उतरकर किसानों के कल्याण के लिए काम करें। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि किसानों को अपनी उपज तत्काल न बेचनी पड़े, इसके लिये पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दें और वेयर हाउस एवं कोल्ड स्टोर स्थापित कर किसानों को भण्डारण के लिए प्रेरित करें। श्री धनखड़ ने कहा कि किसान अपनी परेशानी व्यक्त करें, उससे पहले ही हमें अंदाजा लगा लेना चाहिए कि किसान क्या चाहते हैं।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार किसानों के हित में काम कर रही है और उनके लिये सकारात्मक नीतियां बनाई हैं। सरकार ने सहकारिता को भी कृषि में अध्याय के रूप में जोड़ा है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में सीधे धनराशि पहुँच रही है।

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया एवं समाजसेवी दत्तोपंत ठेंगड़ी के सुकृत्यों को याद करते हुए कहा कि सुखद संयोग है कि ग्वालियर के कृषि विश्वविद्यालय का नाम राजमाता विजयाराजे सिंधिया एवं सभागार का नाम दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के नाम पर है। इसलिये यह विश्वविद्यालय दो ऐसी महान आत्माओं का संगम है जो राष्ट्रवाद और समाज के कल्याण के लिये समर्पित रहीं।

## ई-रिक्शा चालकों और महिलाओं से केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया संवाद

छतरपुर (आरएनएस)। सोमवार केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज मोटे के महावीर के समीप स्थित अटल सभागार में एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में शहर के ई-रिक्शा चालकों तथा शहरी क्षेत्र में कार्यरत घरेलू रसोईया एवं मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संचालन कर रही स्वयं सहायता समूह (स॥त्र) की महिलाओं ने भाग लिया।

डॉ. वीरेंद्र कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को 'संबल कार्ड' की सुविधा और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्ड ई-रिक्शा चालकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगा, जिससे उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान कामकाजी महिलाओं ने मंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि शेष मुद्दों को भी शीघ्र ही संबंधित विभागों के माध्यम से हल किया जाएगा।

इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक और स॥त्र महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने मंत्री के इस प्रयास की सराहना की।

## लव जिहाद और ब्लैकमेलिंग केस में क्लब-90 पहुंचा राष्ट्रीय महिला आयोग

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और कथित लव जिहाद के मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग बेहद गंभीर है। सोमवार दोपहर आयोग की तीन सदस्यीय टीम रायसेन रोड स्थित कॉलेज में पहुंची। टीम ने कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफसे लंबी पूछताछ की।

टीम ने कॉलेज परिसर में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों पर भी विस्तार से जांच की। जांच के दौरान ये पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या पीड़ित छात्राओं ने पहले कभी आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत कॉलेज प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से की थी।

आयोग की टीम उस क्लब-90 रेस्टोरेंट भी गई, जहां कॉलेज छात्राओं को ले जाने के बाद आरोपी फरहान और उसके साथ उनके साथ गलत काम करते थे। इसके साथ ही आरोपियों को फंडिंग करने वालों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

5 पीड़िताओं की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के वरिष्ठ अधिकारी भी महिला आयोग की टीम के साथ कॉलेज पहुंचे। आयोग की टीम ने कॉलेज स्टाफऔर संबंधित विभाग प्रमुखों से अलग-अलग बातचीत कर जानकारी ली।

कॉलेज से निकलने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम क्लब-90 रेस्टोरेंट पहुंची। यहां उन्होंने क्लब का जायजा लिया। इसी रेस्टोरेंट में आरोपी पीड़िताओं को ले जाने के बाद गलत काम करते थे। इस बात का खुलासा मुख्य आरोपी फरहान और साहिल ने पुलिस की पूछताछ में किया था।

**लव जिहाद के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने अफसरों से बात की**

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के निजी कॉलेज की हिंदू छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग और लव जिहाद के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग भी सक्रिय हो गया है। रविवार को महिला आयोग की टीम ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। केस की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारियों को तलब किया गया। बताया जा रहा है कि भोपाल के होटल रेडिसन में महिला आयोग की टीम और पुलिस अधिकारियों के बीच इस केस को लेकर चर्चा हुई। अगले 3 दिन तक राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भोपाल में ही रहेगी। केस से जुड़े सभी पक्षों को सुना जाएगा।

**मध्यप्रदेश में सिनेमा फ्रेंडली लोग और वेरायटी ऑफ लोकेशन्स से फिल्मों का निर्माण आसान -अभिनेता आमिर खान**

## नई फिल्म टूरिज्म पॉलिसी और अधिक आकर्षक -प्रमुख सचिव शुक्ला



भोपाल-(आरएनएस) वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में मध्यप्रदेश अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं के साथ वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाई। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता आमिर खान मध्यप्रदेश द्वारा तैयार किए गए अतुलनीय मध्यप्रदेश पेवेलियन पहुंचे। मध्यप्रदेश के अपर मुख्य सचिव आईटी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे और प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने वेव्स में उनका स्वागत किया। आमिर खान ने कहा कि मध्यप्रदेश के लोग सिनेमा फ्रेंडली हैं, जिससे कलाकारों के साथ-साथ फिल्म निर्माण में जुटी पूरी टीम को काम करने में सहजता और सरलता का अनुभव होता है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में वेरायटी ऑफ लोकेशन्स हैं, खूबसूरती है, जिसकी वजह से फिल्म निर्माण के अलग-अलग दृश्यों को शूट करने में आसानी होती है। यह न केवल फिल्म के निर्माण की अवधि को कम करता है बल्कि बजट में भी कमी आती है। मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2025 की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण परिवेश में बन रही फिल्में सिनेमा जगत में कमाल कर रही हैं। उन्होंने आगामी भविष्य में फिल्में प्रदेश में शूट करने की इच्छा जाहिर की। वे मध्यप्रदेश की नई एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी-2025 की विशेषताओं को जानने और सहभागिता करने के लिये उत्सुक नजर आए। प्रदेश में शूट हुई फिल्म लापता लेडीज को भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से ऑस्कर पुरस्कार के भेजा गया था।

नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में डिजिटल सपनों और सिनेमाई दृष्टिकोण के साथ मध्यप्रदेश—अगला रचनात्मक केंद्र विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। प्रमुख सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर, फिक्की एवीजीसी फोरम व एमसीसीआईए एनिमेशन एंड गेमिंग कमेटी के चेयरमैन श्री आशीष एस. कुलकर्णी, अगस्त मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं सीईओ श्री ज्योर्तिमय सहा, क्रिएटिव लैंड स्टूडियोज़ की सीईओ सुश्री शोभा सेंट, सुप्रसिद्ध लेखक और पत्रकार श्री नमन रामचंद्रन, अभिनेता श्री अमित सियाल और श्री शरद केलकर की मौजूदगी में मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 और मध्यप्रदेश एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी ‹ङ्कत्नष्ट-ङ्गक्र नीति 2025 को लॉन्च किया गया। प्रदेश के फिल्म फैसिलिटेशन पोर्टल के सेकंड फेस को भी लॉन्च किया गया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशिका सुश्री एकता कपूर ने कहा कि फिल्म निर्माण के लिए मुख्य रूप से वित्तीय सहायता, छूट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम, मनभावन लोकेशन और ईज ऑफ शूट को ध्यान में रखा जाता है। इन सभी चीजों के साथ मध्यप्रदेश में समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत आज भी अपने मूल रूप में है। स्पेन ने अपनी पॉलिसी के द्वारा अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आकर्षित किया है।



सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है



## भारत के सामने असल चुनौती

यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब-तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए- भारत के सामने असल चुनौती यह है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त संदेश देते हुए पांच महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके तहत सिंधु जल संधि को लंबित अवस्था में डाल दिया गया है, अटारी चौकी को बंद कर दिया गया है, अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत योजना की सुविधा नहीं मिलेगी, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सेना, नौ सेना और वायु सेना सलाहकारों को भारत से जाने को कहा गया है और इस्लामाबाद स्थित अपने सलाहकारों को भारत वापस बुला रहा है; तथा दोनों स्थानों पर उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 घटा कर 30 करने का फैसला हुआ है। इनके बीच सिंधु जल संधि को निलंबित करने का व्यवहार में क्या असर होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। योजना अगर भारत से पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकना है, तो उसके लिए ढांचा बनाना होगा, जो तुरंत नहीं हो सकता। वैसे भी यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ करार है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में ले जाने का पाकिस्तान को अधिकार है। बाकी निर्णयों के जरिए दिए गए सख्त पैगाम संभवत: जितना पाकिस्तान के लिए है, उतना ही भारत की नाराज जनता के लिए भी। बहरहाल, इन कदमों से आतंकवाद की कमर तोड़ने में क्या मदद मिलेगी, यह साफ नहीं है। भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमला लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दहशतगर्दों ने किया, जिन्हें पाकिस्तान का संरक्षण हासिल है।

## राज्यपाल की रिपोर्ट के बाद पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की तेज हुई मांग- अब क्या करेगी मोदी सरकार ?

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा और कांग्रेस में अनगिनत मुद्दों पर मतभेद हैं लेकिन जब भी बात पश्चिम बंगाल की आती है तो दोनों पार्टियों के स्थानीय नेता एक ही सुर में बोलते हुए नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में नेता चाहे कांग्रेस पार्टी के हो या फिर भारतीय जनता पार्टी के, दोनों ही एक ही सुर में राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते रहते हैं। पश्चिम बंगाल में दोनों ही दलों के स्थानीय नेताओं का यही आरोप रहता है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और ममता बनर्जी सही तरीके से सरकार चला नहीं पा रही है।

बीजेपी की केंद्र में सरकार होने के बावजूद राज्य भाजपा के नेता लगातार पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते रहते हैं। बीजेपी के पश्चिम बंगाल प्रदेश के नेता पिछले कुछ वर्षों के दौरान, कई बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर चुके हैं।

हालांकि कई वजहों से केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में चल रही एनडीए गठबंधन की सरकार ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने से बचती रही है। दरअसल, बीजेपी को सबसे बड़ा डर यह सताता रहता है कि अगर उनकी केंद्र सरकार ने ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा दिया तो विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की फिर से जीत सुनिश्चित हो जाएगी।

यही वजह है कि राज्य की सरकार पर हिंसा करवाने, बीजेपी नेताओं पर हमला करवाने, विरोधी नेताओं पर हमला करवाने, हिंदुओं पर हमला करवाने और कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने जैसे गंभीर आरोप लगाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाना चाहते हैं।

लेकिन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की एक रिपोर्ट ने केंद्र सरकार की दुविधा को बढ़ा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्यपाल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद इलाके में हुई हिंसा की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट में राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि %कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी% समस्या राज्य के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। रिपोर्ट में बांग्लादेश के साथ लगते पश्चिम बंगाल के दो जिलों- मुर्शिदाबाद और मालदा में हालात भयावह तौर पर खराब होने का जिक्र किया गया है।

अपनी रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य की ममता बनर्जी सरकार और पश्चिम बंगाल की पुलिस पर भी सवाल उठाते हुए हिंसा की पूरी जांच के लिए एक जांच आयोग का गठन, बांग्लादेश की सीमा से लगे जिलों में केंद्रीय बलों की चौकियां स्थापित करने जैसे कई अहम सुझाव दिए हैं। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रपति शासन की तरफ इशारा करते हुए यह कह कर सनसनी फैला दी है कि,हालात बिगड़ने पर संविधान के अनुच्छेद- 356 के तहत प्रावधान भी विकल्प बने रहेंगे। अनुच्छेद-356 यानी राष्ट्रपति शासन।

राज्यपाल ने सीधे तौर पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश तो नहीं की है लेकिन यह जरूर लिख दिया है कि अगर राज्य में स्थिति और ज्यादा बिगड़ती है तो केंद्र संविधान के अनुच्छेद-356 के प्रावधानों को लागू करने पर विचार कर सकती है।

पश्चिम बंगाल में वर्ष 2026 यानी अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। बीजेपी जोर-शोर से चुनाव की तैयारियों में जुटी हई है। पार्टी आलाकमान का यह दावा है कि इस बार बीजेपी राज्य में सरकार बनाने जा रही है। लेकिन इससे पहले ही राज्यपाल की इस रिपोर्ट ने पार्टी के आला नेताओं की दुविधा को बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार को चलाने वाले नेता अब तक अपने ही नेताओं की पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को खारिज करते रहे हैं लेकिन राज्यपाल की इस रिपोर्ट के बाद अब ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को इतनी आसानी से नकारा नहीं जा सकता। इस मामले में एक तरफ पश्चिम बंगाल बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता हैं जो हर हाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में राष्ट्रपति शासन लगे देखना चाहते हैं तो दूसरी तरफ बीजेपी की केंद्र सरकार है जिसका यह मानना है कि राष्ट्रपति शासन लगा तो ममता बनर्जी के पक्ष में मुस्लिमों के साथ-साथ उनके कैडर हिंदू वोटरों का भी ध्रुवीकरण होगा। ऐसे में क्या केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कोई बीच का रास्ता निकाल पाती है या नहीं, इसके लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा।

## कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

ललित गर्ग

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है।

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है। जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है।

चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेली पार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं।

## कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित

हरिशंकर व्यास

जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पिछले करीब चार दशक से चल रहा है। पिछली सदी में आठवें दशक के मध्य में इसकी शुरुआत हुई थी। उसके बाद करीब 40 साल में कोई मौका ऐसा नहीं आया, जब जम्मू कश्मीर में और खास कर कश्मीर घाटी के स्थानीय निवासियों के मन में पाकिस्तान के प्रति ऐसी नफरत पैदा हुई हो और उसका प्रकटीकरण भी हुआ हो, जितनी पहलगाम की घटना के बाद हुई है।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कश्मीर घाटी के लोग पाकिस्तान के खिलाफ आंदोलित हुई। अपने हिंदू बिरादरान के साथ खड़े हुए और आतंकवादियों को अपना दुश्मन बताया। इससे पहले किसी न किसी रूप में आतंकवादियों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिलता रहता है। वे अपने आर्थिक हितों और अपने जीवन से ज्यादा पाकिस्तान के इस नैरेटिव की लड़ाई लड़ते थे कि, 'कश्मीर उसके गले की नस है'।

पहलगाम में धर्म पूछ कर 27 हिंदुओं की हत्या किए जाने के बाद कश्मीरी आवाम आंदोलित हुआ है। हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। ऐसा नहीं है कि कोई पार्टी लोगों को मोबिलाइज कर रही थी। भाजपा ने भी अपनी ओर से कुछ प्रयास नहीं किया, जबकि उसके 29 विधायक हैं और वह एक बड़ी राजनीतिक ताकत है। लोग खुद ब खुद घरों से निकले और पाकिस्तान का विरोध किया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हमला कश्मीरियत की भावना के ऊपर है। जाहिर है इतने बड़े विरोध के पीछे एक कारण यह भी था कि पहली बार आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर इतना बड़ा नरसंहार किया था और कश्मीर लोगों को भी इसके असर का अंदाजा होगा। लेकिन उसके साथ साथ एक कारण यह भी था कि आतंकवादियों ने इस अलिखित नियम का उल्लंघन किया था कि पर्यटकों या दूसरे बाहरी लोग, जो स्थानीय अर्थव्यवस्थ को सपोर्ट करते हैं उन पर हमला नहीं होना चाहिए।

पर्यटकों पर हमले का पहला असर तो यह हुआ है कि पर्यटन का हाई सीजन होने के बावजूद सारी बुकिंग रद्द होने लगी है। होटलों की 90 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई है। हवाई जहाज की टिकटें कैंसिल की जा रही हैं। लोग श्रीनगर, पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग आदि छोड़िए लोग वैष्णो देवी की यात्रा रद्द कर रहे हैं। सोचें, पिछले साल दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे। भारत के कुल 25 करोड़ लोगों ने घरेलू पर्यटन किया, जिसका 10 फीसदी अकेले कश्मीर गया था। इससे कितना राजस्व सरकार को और वहां के कारोबारियों को मिला होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

पिछले कुछ समय से जम्मू कश्मीर के बारे में धारणा बदली थी और अनुच्छेद 370 हटाए जाने का सकारात्मक असर दिखने लगा था। अनुच्छेद 370 हटाए जाने को जितने सहज रूप से वहां के आम लोगों ने स्वीकार किया और उसके बाद जैसे चुनाव के बाद लोकप्रिय सरकार का गठन हुआ उससे देश भर के लोगों में विश्वास बना और उन्होंने कश्मीर जाना शुरू किया। कश्मीर के लोग भी मुख्यधारा से जुड़ने लगे।

## विश्व में सबसे ऊंचाई पर स्थित है भगवान शिव का यह फेमस मंदिर

हमारे देश में भगवान शिव के कई प्राचीन मंदिर हैं। अगर आप भी प्राचीन शिव मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं, तो आज हम आपको तुंगनाथ मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, यह दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। तुंगनाथ मंदिर की गिनती पंच केदार यात्रा में की जाती है, जोकि उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय क्षेत्र में स्थित पांच पवित्र जगहों में से एक है, हालांकि यह चार धाम यात्रा से अलग है। पौराणिक कथा के मुताबिक कुरुक्षेत्र युद्ध के बाद पांडवों में भगवान शिव से क्षमा मांगनी पड़ी थी। ऐसे में भगवान शिव ने लुका-छुपी का एक खेल खेला। जिसके तहत पांच अलग-अलग स्थानों पर पांच मंदिरों की स्थापना हुई। जिसमें केदारनाथ, तुंगनाथ, रुद्रनाथ, मध्यमहेश्वर और कल्पेशर शामिल हैं। इनमें से तुंगनाथ मंदिर तीसरा और सबसे अहम शिव मंदिर है। तुंगनाथ मंदिर न सिर्फ पंच केदार मंदिरों में सबसे ऊंचा है, बल्कि यह विश्व का भी सबसे ऊंचा शिव मंदिर है। यह मंदिर 3,680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। तुंगनाथ मंदिर का इतिहास महाभारत काल के पांडवों से जुड़ा है। यहां के स्थानीय लोगों की मानें, तो 8वीं शताब्दी के दार्शनिक और संत आदि शंकराचार्य ने मंदिर की खोज की थी। वहीं कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कत्यूरी शासकों ने 8वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण किया गया

## पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विध्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घडियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए।

## 8 मई को रखा जायेगा मोहिनी एकादशी व्रत

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है। वैसे तो हर महीने में दो एकादशी तिथि होती है। एक शुक्ल पक्ष और एक कृष्ण पक्ष में, लेकिन मोहिनी एकादशी का खास महत्व माना जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि मोहिनी एकादशी का व्रत 8 मई को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस व्रत को करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते हैं। मान्यता है कि मोहिनी एकादशी का व्रत सभी प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला और व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल से छुटकारा पाकर विष्णु लोक को प्राप्त करता है। मोहिनी एकादशी के दिन पूजा अर्चना करने से मन को शांति मिलती है और धन, यश और वैभव में वृद्धि होती है। इस दिन सृष्टि के रचयिता भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य से भक्त के अनजाने में किए गए सभी पाप दूर हो जाते हैं। भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है।

## छिड़ी बहस संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट?

अजीत द्विवेदी

भारत में एक बार फिर संसद और सुप्रीम कोर्ट की सर्वोच्चता की बहस छिड़ी है। यह बहस कुछ कुछ वैसी ही है जैसे यह बहस कि, 'पहले पेड़ आया या बीज' या 'पहले अंडा आया या मुर्गी'! इस बहस का कभी कुछ हासिल नहीं होने वाला है। फिर भी इस बहस को समय समय पर चलाया जाता है कि संसद सर्वोच्च है या सुप्रीम कोर्ट? पिछले कुछ समय से यह बात ज्यादा सुनने को मिल रही है कि, 'संसद सर्वोच्च है' या 'देश के लोगों ने सांसदों, विधायकों को चुना है सरकार चलाने के लिए तो सुप्रीम कोर्ट को उसमें दखल नहीं देना चाहिए' या 'संसद कानून बनाने लगेगी तो संसद, विधानसभाओं में ताला लगा दिया जाए' या 'अब हमारे पास ऐसे जज हैं, जो सरकार चलाएंगे', आदि, आदि। सवाल है कि क्या सचमुच न्यायपालिका कानून बना रही है? क्या सचमुच सुप्रीम कोर्ट सरकार को काम नहीं करने दे रहा है और सबसे ऊपर क्या सचमुच संसद सर्वोच्च है और सुप्रीम कोर्ट उसकी सर्वोच्चता का अतिक्रमण कर रहा है? सबसे पहले इस वास्तविकता को समझ लेने की जरुरत है कि भारत में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में से कोई सर्वोच्च नहीं है। संविधान ने शक्तियों के पृथक्करण के मॉन्टेस्क्यू के सिद्धांत के आधार पर इन तीनों के बीच शक्तियों का बंटवारा किया है। सबकी जिम्मेदारी तय है और सबको एक दायरे में काम करना है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि भारत में संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि संसद सर्वोच्च है।

यह शासन की एक व्यवस्था है, जो संविधान पर आधारित है। असल में भारत में संवैधानिक लोकतंत्र को अपनाया गया है, जिसमें संविधान सर्वोच्च है। सभी अंगों को संविधान के हिसाब से काम करना है और संविधान के प्रावधानों की व्याख्या, उसकी मूल भावना के संरक्षण और उसकी सर्वोच्चता को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट को दी गई है।

जिस समय केशवानंद भारती बनाम केरल सरकार के मामले की बहस चल रही थी उस समय देश के सबसे सम्मानित कानूनविदों में से एक ननी पालखीवाला ने संसद की सर्वोच्चता की दलील को खारिज करने के लिए जो कई तर्क दिए थे उनमे से एक यह तर्क यह भी था कि अगर संसद कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल बढ़ा दे तो कोई क्या करेगा? सोचें, अगर संसद में बहुमत वाली पार्टी कानून बना कर लोकसभा का कार्यकाल 20 साल कर दे तो इससे बचने का क्या रास्ता है? अगर सरकार कहे कि उसे जनता ने चुना है और उसके हाथ में सारी ताकत दी है इसलिए वह संघीय व्यवस्था को खत्म कर रही है या मौलिक अधिकारों को समाप्त कर रही है तो संविधान को इस हमले से बचाने का क्या रास्ता होगा?

भारत के मामले में ऐसी कोई आशंका निर्मूल नहीं है। आखिर इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी तो लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दिया था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए ही भारत के संविधान में न्यायिक समीक्षा का प्रावधान रखा गया है। राजनीति शास्त्र और संविधान का अध्ययन करने वालों को पता है कि भारत ने संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से अपनाई है लेकिन न्यायिक समीक्षा का प्रावधान अमेरिका से लिया है। भारत में संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 13, 32, 131, 136, 143, 226 और 246 के तहत न्यायिक समीक्षा का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को दिया है।

संविधान निर्माताओं की मंशा पूरी तरह से स्पष्ट है। उन्होंने अनुच्छेद 13 में लिखा कि संसद या विधानसभा से बनाया गया कोई कानून अगर मौलिक अधिकारों के खिलाफ है तो वह अमान्य और अवैध होगा। इसके बाद अनुच्छेद 32 में लिखा कि मौलिक अधिकारों के हनन की स्थिति में कोई भी व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। इसी तरह अनुच्छेद 226 में लिखा है कि मौलिक अधिकार के हनन की स्थिति में कोई व्यक्ति हाई कोर्ट जा सकता है। ऐसे ही अनेक अनुच्छेद हैं, जिनमें कहीं केंद्र व राज्य के विवाद की स्थिति में या संविधान के 'बुनियादी ढांचे' पर हमले की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट के दखल देने की व्यवस्था है। संविधान बनाने वालों ने अनुच्छेद 368 के जरिए संसद को यह अधिकार दिया कि समय के साथ अप्रासंगिक होते जाने वाले संवैधानिक प्रावधानों में वह संशोधन करे लेकिन उसे संविधान को नष्ट करने का अधिकार नहीं दिया गया है।

अगर अदालत को लगता है कि संशोधन के नाम पर संविधान को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है या संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन उनकी मूल भावना के हिसाब से नहीं किया जा रहा है तो वह दखल देकर संविधान की मूल भावना को प्रस्थापित करने का कदम उठा सकती है।

तमिलनाडु के राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यही काम किया। यह सही है कि संविधान में इस बात का जिक्र नहीं किया गया है कि विधानसभा से पास किए गए किसी विधेयक को राज्यपाल को कितने समय के अंदर मंजूरी देनी है। लेकिन क्या इसका यह मतलब है कि राज्यपाल अनंतकाल तक विधानसभा से पास विधेयक को बिना मंजूरी दिए अपने पास रख सकते हैं? इसका मतलब तो यह होगा कि राज्यपाल चाहे तो वह किसी सरकार को काम ही नहीं करने दे! वह सरकार के सारे विधेयकों को अपने पास लंबित रखे और कामकाज ठप्प कर दे! इस तरह तो केंद्र सरकार राज्यपालों का इस्तेमाल करके राज्यों की सरकारों को पंगु कर सकती है। आजादी के बाद लंबे समय तक इस मामले में सुधार की जरुरत नहीं महसूस हुई या सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की जरुरत नहीं पड़ी तो उसका कारण यह था कि किसी भी राज्यपाल ने तीन तीन साल तक विधेयक लटका कर नहीं रखे। जब राज्यपालों ने भाजपा विरोधी सरकारों को परेशान करने के लक्षित उद्देश्य से उनके विधेयकों को कई कई बरस तक लंबित रखा तब सुप्रीम कोर्ट को दखल देना पड़ा और विधेयकों की मंजूरी के लिए एक समय सीमा निश्चित करनी पड़ी। जो लोग सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से नाराज हैं उन्हें पहले इस बात पर सोचना चाहिए कि ऐसी नौबत क्यों आई? यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति ही सुप्रीम कोर्ट के जजों और चीफ जस्टिस को नियुक्त करता है तो सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को कैसे निर्देश दे सकता है कि उसे कितने समय में बिल की मंजूरी देनी चाहिए?

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको ख़ुशी होगी जिस काम का रिजल्ट मिलने में देर हो रही थी आज उसका शानदार परिणाम मिलने के योग हैं।

मिथुन राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। छात्रों को आज करियर से रिलेटेड शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे। आज आप शाम के समय किसी व्यक्ति से मिलेंगे जिससे किसी इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर बात करेंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके ख़ुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी भी काम को शुरूआत करने से पहले जीवनसाथी से राय-मशविरा कर लेने से अच्छा रहेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढेगा

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकते हैं जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है आप ज्यादातर समय व्यस्त रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर



आप शासित पंजाब और भाजपा शासित हरियाणा के बीच चल रही जल-युद्ध की स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पंजाब सरकार ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष दावा किया कि हरियाणा ने अपने कोटे से अधिक पानी निकाल लिया है और अब वह पीने की जरूरतों के बहाने सिंचाई के लिए पानी मांग रहा है। आम आदमी पार्टी ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार (5 मई) को न्यायालय के समक्ष यह दावा किया। इस याचिका में हरियाणा को पानी छोड़ने में पंजाब सरकार द्वारा बाधा डालने के खिलाफ न्यायालय से हस्तक्षेप करने की मांग की गई थी।

# मोदी के नेतृत्व में भारत निर्ममता के साथ ड्रग कार्टेल को खत्म कर रहा : अमित शाह

नई दिल्ली (आरएनएस)। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि कि एनसीबी की अमृतसर जोनल यूनिट ने 4 राज्यों में 4 महीने तक चले ऑपरेशन के ज़रिए ड्रग डायवर्जन कार्टेल को खत्म किया, 547 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की और 15 लोगों को गिरफ्तार किया। शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशामुक्त भारत बनाने के विजन् की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने इसके लिए एनसीबी की टीम को बधाई दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में एक वितरक से 1.36 करोड़ साइकोट्रॉपिक टैबलेट जब्त किए हैं। एनसीबी ने उत्तराखंड के हरिद्वार में एक निर्माता से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलो ट्रामाडोल पाउडर भी जब्त किया है। जब्त दवाओं का कुल मूल्य लगभग 547 करोड़ रुपए है। 'नशा मुक्त भारत' बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुसरण में एनसीबी की अमृतसर जोनल इकाई ने पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में गैर-चिकित्सीय उपयोग के लिए फार्मास्युटिकल दवाओं के अवैध विचलन और वितरण में शामिल प्रमुख नेटवर्कों का भंडाफोड़ किया है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक खुफिया जानकारी आधारित अभियान और मामलों की जांच में 'टॉप टु बॉटम' और 'बॉटम टु टॉप' अप्रोच के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण जब्ती और गिरफ्तारियां हुईं, जिसने निर्माताओं, स्टॉकिस्टों और फ्रंट ऑपरेटरों के बीच एक जटिल गठजोड़ को उजागर किया। बीते 20-21 अप्रैल को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी की गई। उत्तराखंड में तलाशी के परिणामस्वरूप जे आर फार्मास्युटिकल्स से 11,693 सीबीसीएस बोतलें और 2.9 किलोग्राम ट्रामाडोल पाउडर जब्त किए गए। हिमाचल प्रदेश में प्रमुख वितरक एमबिट बायो मेडिक्स के परिसर में तलाशी से 19,25,200 टैबलेट और दिल्ली के बवाना में आशी फार्मास्युटिकल के परिसर में तलाशी से 1.17 करोड़ ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त किए गए, जो फार्मास्युटिकल दवाओं के बड़े पैमाने पर अनधिकृत कब्जे और अवैध वितरण को दर्शाता है। एमबिट बायो मेडिक्स का मालिक पहले गिरफ्तार किया गया था, जब वह 18 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से वियतनाम भागने की कोशिश कर रहा था। जांच में पता चला कि हिमाचल प्रदेश के एमबिट बायो मेडिक्स के मालिक ने पहले दिल्ली में काम किया था, जहां उसका ड्रग लाइसेंस दिसंबर 2022 में रद्द कर दिया गया था। इसे छिपाकर उसने हिमाचल प्रदेश में एक नया लाइसेंस प्राप्त किया और दिल्ली में अपने सहयोगी के नाम पर आशी फार्मास्युटिकल नामक एक और फर्म की शुरुआत की। जांच चार महीने पहले शुरू हुई थी जब अमृतसर में एक व्यक्ति, जो चिकित्सा पेशेवर होने का दावा कर रहा था, को 2,280 अल्प्राजोलम और 1,220 ट्रामाडोल टैबलेट के साथ पकड़ा गया। आगे की जांच में एक स्थानीय वितरण श्रृंखला का पता चला, जिसके परिणामस्वरूप कई गिरफ्तारियां हुईं और बाद में हुई तलाशी में 21,400 और ट्रामाडोल टैबलेट और 43,000 अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद किए गए। फरवरी 2025 में एक अन्य मामले में अमृतसर में 5,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड (ट्रेकम-100) टैबलेट की अलग जब्ती ने जांचकर्ताओं को तरन तारन, देहरादून और मानांवाला तक फैली एक श्रृंखला तक पहुंचाया। स्रोत से पता चला कि अवैध फार्मास्युटिकल दवाओं की अवैध आपूर्ति बिना लाइसेंस के संचालित व्यक्तियों द्वारा डमी मेडिकल सेटअप के समर्थन से की जा रही थी।

दोनों मामलों की जांच में हरिद्वार स्थित एक ही फार्मास्युटिकल विनिर्माण कंपनी, जे आर फार्मास्युटिकल्स की संलिप्तता का पता चला, जिसके कारण संदेह पैदा हुआ और अब तक की जांच में रू/ह्य जे आर फार्मास्युटिकल्स, हरिद्वार (उत्तराखंड) और अन्य द्वारा बड़े पैमाने पर फार्मास्युटिकल दवाओं का विचलन उजागर हुआ है। फरवरी 2025 में जे आर फार्मास्युटिकल्स पर की गई छापेमारी में 16,860 ट्रामाडोल टैबलेट, 327 कोडीन-आधारित कफ सिरप की बोतलें, और ड्रम में छिपाए गए



नई दिल्ली में दिल्ली कैंट में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की.नई दिल्ली में भारी बारिश के बीच आईटीओ के पास रिंग रोड पर ट्रैफिक जाम.

# पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने दोहराई बदला लेने की बात, बोले- देश पर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देंगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि एक रक्षा मंत्री के तौर पर यह उनका दायित्व है कि वे सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरा यह दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली, दृढ़ता और जोखिम उठाने के भाव का जिक्र करते हुए कहा कि देशवासी जैसा चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा और दोषियों को सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दोषियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया था और केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं।

अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने 'राजनीति' शब्द के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह शब्द 'राज' और 'नीति' से मिलकर बना है, लेकिन दुर्भाग्य से अपना मूल अर्थ खो चुका है। उन्होंने पूज्य संतों से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि वे भारत की राजनीति में इसके सही अर्थ को पुनः स्थापित करना चाहते हैं।

रक्षा मंत्री ने भारत की ताकत को परिभाषित करते हुए कहा कि यह केवल सशस्त्र सेनाओं में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और आध्यात्मिकता में भी निहित है। उन्होंने कहा कि भारत सही मायने में तभी विकसित बनेगा जब वह आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत होगा। उन्होंने राष्ट्र की तुलना शरीर से करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम शरीर की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार संत राष्ट्र की आत्मा की रक्षा करते हैं। राष्ट्र की आत्मा की रक्षा तभी संभव है जब हम अपनी संस्कृति, मूल्यों और आध्यात्म से जुड़े रहें। भारत की भूमि वीर अर्जुन जैसे योद्धाओं की भी है और भगवान बुद्ध जैसे महायोगियों की भी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की वह पवित्र भूमि है जहां तलवार भी तपस्या से पवित्र होती है। इतिहास गवाह है कि ऋषियों ने अपने तप से योद्धाओं को प्रेरित किया, उन्हें निर्भीक बनाया और देश के लिए कुछ कर गुजरने का भाव पैदा किया। ऐसे ऋषि भी हुए हैं जिन्होंने सत्य और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दे दी।

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई है। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरनकोट के जंगलों में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 5 आईईडीबरामद किए, जिनमें 3 टिफिन बॉक्स और 2 स्टील की बाल्टियों में विस्फोटक सामग्री छिपाई गई थी। इसके अलावा एक 5 लीटर का गैस सिलेंडर, दो वायरलेस सेट, एक दूरबीन, दो ऊनी टोपी और तीन काली पैंट भी बरामद हुई हैं।

## पूर्व कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ईडी की गिरफ्त में, मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

चंडीगढ़ (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दीन दयाल आवास योजना से जुड़े वित्तीय घोटाले के सिलसिले में हुई है, जिसमें छौक्कर और उनकी कंपनी पर करीब 1500 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। ईडी ने छौक्कर को दिल्ली के पांच सितारा होटल शांग्रीला से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करने की तैयारी में है, जहां उनसे पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की जा सकती है। इस कार्रवाई ने हरियाणा की राजनीति में भूचाल ला दिया है, क्योंकि छौक्कर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का बेहद करीबी माना जाता है।

आरोप के मुताबिक, छौक्कर की कंपनी साई आइना फॉर्म्स ने गुरुग्राम में लोगों को घर देने का वादा कर उनसे भारी-भरकम राशि वसूली। हालांकि, न तो लोगों को घर दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। ईडी की जांच में सामने आया कि कंपनी ने करीब 1500 लोगों के साथ धोखाधड़ी की, जिसमें बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग शामिल है। यह घोटाला दीन दयाल आवास योजना के तहत गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए घर उपलब्ध कराने की योजना से जुड़ा है,



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ देहरादून में कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

## किसानों ने किया प्रदर्शन का ऐलान, सीएम मान का सख्त स्टैंड-आम जनता को परेशान नहीं होने दूंगा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। किसानों ने एक तरफ 6 मई को प्रदर्शन का ऐलान किया है वहीं इस प्रदर्शन से पहले किसान नेता जगजीत डल्लेवाल समेत कई नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस टीम सोमवार तड़के 4 बजे ही उनके फरीदकोट स्थित घर पहुंच गई। डल्लेवाल ने खुद सोशल मीडिया पर लाइव आकर इसकी जानकारी दी। वहीं, पंजाब में आए दिन हो रहे धरनों, सड़कों के जाम और रेल रोको आंदोलनों को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सख्त रुख अपनाते हुए सीधे चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि अब आम जनता को परेशान करने वाले किसी भी प्रदर्शन, हड़ताल या धरने को जनविरोधी गतिविधि माना जाएगा।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि संस्थाओं, संगठनों, जत्थेबंदियों और यूनियन ध्यान दें.. अगर आपने भी विरोध करना है तो इसके और भी कई तरीके होते है, सिर्फ लोगों को तंग करना सही नहीं है, वरना सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। पंजाब के मेहनती लोगों के हित में जारी। पंजाब पुलिस ने करीब 25 किसान नेताओं के खिलाफ बड़ा एक्शन किया है। इनमें से कइयों को घरों में ही नजरबंद कर लिया है, वहीं कुछ को हिरासत में भी लिया गया है।

# हम साथ हैं, पाकिस्तान को सबक सिखाए केंद्र सरकार : उदित राज

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश चाहता है कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

सोमवार को कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को 13 दिन हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी भारत सरकार के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। लेकिन, केंद्र सरकार ने इस हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के संबंध में कुछ नहीं किया। हम तो चाहते हैं कि आतंकवाद के खिलाफ सरकार कार्रवाई करे। आतंकवाद के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है? देश की तरफ आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इस बयान पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि पूरे देश को कार्रवाई का इंतजार है। लेकिन, भारत सरकार पाकिस्तान पर कब कार्रवाई करेगी? सिंधु जल संधि निलंबित होने के बाद पाकिस्तान के मंत्री भारत को धमका रहे हैं कि वह हमला करेंगे। साथ ही लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहे हैं। जब से पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है, पाकिस्तान का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसीलिए कांग्रेस पार्टी चाहती है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मुंबई में जब आतंकी हमला हुआ, तब विपक्ष ने वर्तमान सरकार से सवाल किया कि कैसे आतंकी हमले हुए। वर्तमान में पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार से सवाल नहीं पूछ रही है। जबकि, सभी को पता है कि सुरक्षा की विफलता के कारण यह आतंकी हमला हुआ।

## पाकिस्तान बेशर्म है, अब समझाने का नहीं, सबक सिखाने का समय है'ओवैसी ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

पटना (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (आरएसपी) के नेता व लोकसभा में मुंबई उत्तर पूर्वी सीट से निर्वाचित सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार में एक चुनावी रैली में पाकिस्तान पर तीखी टिप्पणियां कीं। उन्होंने पड़ोसी देश को बेशर्म और असफल करार देते हुए कहा कि उसकी हरकतों को अब नकारा नहीं जा सकता। ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान को बार-बार समझाने का समय खत्म हो गया है। अब उसे मुंहतोड़ जवाब देकर सबक सिखाना जरूरी है। पाकिस्तान के लोग सबूत मांग रहे हैं, पर वे खुद ही बेशर्म हैं। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान से भेजे गए आतंकी मासूम नागरिकों की जान ले रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए सख्त सैन्य और कूटनीतिक कदम उठाए जाएं। पाकिस्तान कभी यह स्वीकार नहीं करेगा कि आतंक उसकी धरती से आकर हमले करते हैं। अगर हम समय रहते जवाब नहीं देंगे, तो हर दो या छह महीने में यही हत्याएं जारी रहेंगी, उन्होंने चेतावनी दी।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी कुमुराम भीम आसिफाबाद में राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान.



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने कलपेट्टा में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र का दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की।

# भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि भारत की मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन (एमआईसीई) इंडस्ट्री देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां पैदा करेगी।

जयपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि एमआईसीई इंडस्ट्री तेजी से वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रही है। इस इंडस्ट्री को मजबूत आर्थिक विकास, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकार से समर्थन से बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सभा को बताया, राज्य अपने अनूठे तरीकों से पर्यटन के अवसरों को खोल रहे हैं और अब, भारत के लिए खुद को ग्लोबल एमआईसीई मैप पर मजबूती से स्थापित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, भारत मंडपम, यशोभूमि और जियो वर्ल्ड सेंटर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों और एमआईसीई पर विशेष ध्यान देने के साथ हमारा लक्ष्य कम से कम 10 भारतीय शहरों को दुनिया के शीर्ष एमआईसीई गंतव्यों में शामिल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और राजस्थान जैसे राज्यों की विरासत और नवाचार के माध्यम से अग्रणी भूमिका के साथ, भारत दुनिया का सबसे प्रशंसित पर्यटन और आयोजन स्थल बनने के लिए तैयार है। भारत के एमआईसीई बाजार ने 2024 में 49,402.6 मिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया और 2030 तक 103,686.5 मिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वाराणसी, खजुराहो और कोच्चि जैसे शहरों में एमआईसीई-रेडी डेस्टिनेशन में हाल ही में हुए विकास से यह वृद्धि हुई है। भारत ने 2014 के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से विकास किया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर विकास 1,50,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों के निर्माण, नए रेलवे स्टेशन, सेमी हाई-स्पीड ट्रेन, अंतर्देशीय जलमार्ग, 150 से अधिक चालू हवाई अड्डों और 2.48 मिलियन से ज्यादा होटल के कमरों के साथ देखा जा सकता है। इसके अलावा, भारत द्वारा त्र20 देशों की मेजबानी ने भारत के बढ़ते स्थल नेटवर्क और क्षेत्रीय पर्यटन क्षमता को मजबूत किया है। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी के अनुसार, भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा रखे गए दृष्टिकोण ने नए रास्ते खोले हैं। बेरी ने जोर देकर कहा, अब राज्यों को इस गति को बनाए रखना है। विनियमन से लेकर कॉनसर्ट टूरिज्म तक, भारत के पास कार्यक्रमों और अनुभवों के लिए ग्लोबल हब बनने का अवसर है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिविल लाईन में शिवा मुदलेयार उम्र 36 वर्ष निवासी दूसरा पुल नेहरू नगर थाना केन्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 4769 से डिलाईट पोस्ट आफ्सि अपने काम से गया था दोपहर 12.05 बजे अपने ई रिक्शा को पोस्ट आफ्सि की ब्राउंड्री के बाहर एटीएम के बगल से खडा करके पोस्ट आफ्सि के अंदर चला गया था काम खत्म करके 12.45 बजे बाहर आया तो उसका ई रिक्शा जहॉ खडा किया था नहीं वहॉ से गायब था।



# नागरिक सुरक्षा के लिए 7 मई को शाम 4 बजे मॉक ड्रिल की होगी तैयारी शाम 7.30 बजे से 7.42 तक रहेगा ब्लैक आउट -कलेक्टर सक्सेना

## यह मॉक ड्रिल सिर्फ लोगों को जागरूक करने के लिए है, इसे पैनिक न बनायें - कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेगना की अध्य क्षता में आज सिविल डिफेंस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट र सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपात स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए 7 मई को आयोजित होने वाले मॉक ड्रिल के संबंध में चर्चा कर उसकी तैयारियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एयरपोर्ट, आर्मी, रक्षा संस्थातन, पुलिस, सिविल डिफेंस, हेल्थे, इलेक्ट्रिसिटी आदि अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे, जिसमें सभी ने आपदा के समय अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

कलेक्टीर श्री दीपक सक्सेूना ने बताया कि नागरिक सुरक्षा के लिए 7 मई को शाम 4 बजे मॉक ड्रिल की तैयारी होगी तथा शाम 7.30 बजे से 7.42 तक ब्लैक आउट रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्यल जनता को जागरूक करना है। इसके लिए सायरन बजेगा। लोग स्व यं अपने-अपने घरों के बाहर की लाईट बंद करेंगे, साथ ही शासकीय व अशासकीय सभी संस्था4न बाहर की लाईट बंद करेंगे। उन्हींने कहा कि सड़क पर चलने वाले वाहनों की लाईट भी उक्तस अवधि के दौरान बंद रखा जाये । इस ब्लैककआउट का मुख्यह उद्देश्यत यह अभास कराना है कि उक्त क्षेत्र अवासीय नहीं है। उन्हों ने विशेष रूप से कहा कि बाहर जाने वाली रौशनी को बंद करने के लिए लोग जागरूक रहे यह होटल, माल व दुकानों में तथा अन्यव संस्थादनों में भी करें और विपरीत परिस्थितियों से बचने के लिए जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि ज्या दातर लाइट से एयर अटैक की संभावना रहती है, अत~ इन परिस्थितियों को समझें और नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से जागरूक रहें। कलेक्टरर श्री सक्सैीना ने कहा कि आपदा के दौरान आग बुझाने, मरीजों को व्यूवस्थित जगह रखने, पशुधन की सुरक्षा, पेयजल व खाद्य सामग्री की उपलब्धआता आदि अनेक बातों पर भी ध्या?न रखने की आवश्य कता है। उन्होंाने कहा कि प्रशासन की भागीदारी से यह मॉक ड्रिल का अभ्या स किया जायेगा और आपदा की स्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम के साथ-साथ कलेक्ट्रे ट में भी कंट्रोल रूम बनाया जायेगा। गंभीर आपदा की स्थिति में ब्लोंक स्तनर पर भी कंट्रोल रूम बनाया जायेगा। उन्हों ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए डिजास्टिर प्लाहन को अपडेट कर सिविल डि?फेंस में एप्लाहई करेंगे। हॉस्पिपटल के छत पर रेड क्रॉस के निशान लागाये जायेंगे। कलेक्टडर ने कहा कि यह मॉक ड्रिल आम जनता को जागरूक करने के लिए है इसे पैनिक न बनाया जाये। उन्होंूने विशेष रूप से जोर देकर कहा कि राष्ट्री य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित समय में 12 मिनट ब्लैरक आउट लोग स्व यं करें। उन्हों ने कहा कि सायरन व रेड सिग्न ल होते ही लोग अपने घरों की बाहर की लाइटें बंद कर दें तथा ग्रीन सिग?नल होने पर चालू कर सकते हैं। साथ ही कहा कि किसी भी क्षेत्र में सायरन बजता है तो वहां आपदा से निपटने के लिए तत्पर रहें।

# कार की डिग्गी में पिस्टल लेकर घूम रहा था बदमाश, पुलिस ने दबोचा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गोरखपुर थाना क्षेत्र के एमजीएम स्कूल के पास पुलिस ने एक बदमाश को कार की डिग्गी में पिस्टल लेकर घूमते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी की पहचान विवेक चक्रवर्ती उर्फ छोटू (30), निवासी धनवंतरीनगर के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बिना नंबर की सफेद टोयोटा कोरोला एल्टिस कार, जिसकी नंबर प्लेट पर सिर्फ लिखा है, में एक संदिग्ध युवक हथियार लेकर हाथीताल से एमजीएम स्कूल की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोका और तलाशी के दौरान कार की आगे की डिग्गी में एक लोडेड पिस्टल बरामद की। पिस्टल की मैगजीन में एक कारतूस भी लोड पाया गया। पुलिस ने आरोपी से पिस्टल, कारतूस, आईफोन और कार जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

# अकाल मृत्यु

जबलपुर। थाना गोहलपुर में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि कुमारी आकांक्षा पाठक उम्र 26 वर्ष निवासी कृष्णा कालोनी त्रिमूति नगर गोहलपुर को घर में अज्ञात वस्तु के सेवन करने से उपचार हेतु रात लगभग 1-30 बजे विक्टोरिया अस्पताल से भाई आयुष पाठक द्वारा भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज रात्रि लगभग 3-25 बजे कुमारी आकांक्षा पाठक की मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# शातिर बदमाश पवन रजक एन.एस.ए. में गिरफ्तार, हत्या के प्रयास के मामले में था फरार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के एक कुख्यात बदमाश पवन रजक को आखिरकार रांझी पुलिस ने एन.एस.ए. (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल में निरुद्ध कर दिया है। आरोपी पवन रजक के विरुद्ध 29 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, मारपीट, और विस्फोटक अधिनियम जैसे मामले शामिल हैं। दिनांक 27 मार्च 2025 को रात लगभग 11~30 बजे पुराना शोभापुर निवासी प्रदीप दुबे के साथ हुए जानलेवा हमले में पवन रजक सहित चार आरोपियों ने शराब के लिए पैसे मांगने पर विवाद कर हमला कर दिया था। इस वारदात में पवन रजक ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में अपराध क्रमांक 238/25 धारा 119(1), 296, 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस प्रकरण में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे, जबकि पवन रजक फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

विशेष अभियान के तहत रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पवन रजक को पनेहरा पेट्रोल पंप के पास खंडहर क्वार्टर से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक चायना चाकू भी बरामद हुआ, जिसके तहत 25 आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक सक्सेना द्वारा एन.एस.ए. के तहत पवन रजक को गिरफ्तार कर जेल भेजने का आदेश जारी किया गया। आरोपी की लगातार आपराधिक गतिविधियों एवं समाज में भय का वातावरण निर्मित करने के कारण यह सख्त कार्रवाई की गई है।

# कलेक्टर जनसुनवाई में आये 140 आवेदन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड और अन्य् अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 140 आवेदन दिये। जिसमें 107 नये आवेदन हैं तथा 33 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई- झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा् सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्ट,र श्री गौड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।



# पुरानी बुराई को लेकर चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी में रात्रि में विशाल उर्फ पप्पू चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती झंडा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लगभग वर्ष 2 वर्ष से गोवा मे होटल में वेटर का काम करता है दिनांक 30-4-25 को वह अपने घर जबलपुर आया था दिनांक 5-5-25 को रात लगभग 9 बजे घर से मार्केट जा रहा था जैसे ही झंडा चौक कनवा पंडित की दुकान के सामने पहुँचा वहां पर मोहन चौधरी खड़ा था जिससे उसका पुराना विवाद चल रहा है जो उसे देखकर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो चाकू निकालकर जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर पेट में चोट पहुंचा दी तथा भाग गया। रिपोर्ट पर आरोपी मोहन चौधरी के विरूद्ध धारा 296, 109 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ई रिक्शा चुराने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर-** थाना सिविल लाईन में शिवा मुदलेयार उम्र 36 वर्ष निवासी दूसरा पुल नेहरू नगर थाना केन्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.04.2025 को अपने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 4769 से डिलाईट पोस्ट आफ्सि अपने काम से गया था दोपहर 12.05 बजे अपने ई रिक्शा को पोस्ट आफ्सि की ब्राउंड्री के बाहर एटीएम के बगल से खडा करके पोस्ट आफ्सि के अंदर चला गया था काम खत्म करके 12.45 बजे बाहर आया तो उसका ई रिक्शा जहॉ खडा किया था नहीं वहॉ से गायब था। आसपास तलाश करता रहा नही मिला कोई अज्ञात चोर ई रिक्शा चोरी कर ले गया है।

# झपट्टा मारकर मोबाईल, स्मार्टवॉच एवं नगदी रूपये लेकर फरार हुये आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी में अंकुर सुहाने उम्र 23 वर्ष निवासी मालगुजार परिसर मां रेवा कालोनी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह स्वीगी में फूड डिलेवरी का काम करता है आज रात लगभग 2 बजे से 2-30 बजे के बीच रांझी से फूड डिलेवरी के लिये अधारताल जा रहा था जैसे ही शोभापुर ब्रिज के उपर जाली के पहले पहुँचा तभी पीछे से एक्सिस में 3 लड़के एवं मोटर सायकल में 2 लड़के आये और उसकी प्लेटिना मोटर सायकल के बगल में अपनी गाड़ी सटाई तथा झपट्टा मारकर उसका मोबाइल सेमसंग गैलेक्सी कम्पनी, स्मार्ट वॉच तथा 3 हजार रूपये लेकर अधारताल तरफ भाग गये। झपट्टा मारने से वह गाड़ी सहित गिर गया जिससे उसे हाथ एवं गाल में चोट आयी वह घबराहट के कारण गाड़ी नम्बर नहीं देख पाया।


# शराब पीने के लिये पैसों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना माढ़ोताल में रात आदित्य चंद्रोल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्रीनसिटी माढोातल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है उसके दोस्त मृदुल झारिया का विवाद साहिल पटैल से लगभग एक माह पहले हुआ था उसी पुरानी बात को लेकर दिनांक 5-5-25 को शाम लगभग 4-30 बजे साहिल पटेल अपने अन्य साथियों के साथ उसके किराये के घर के सामने आकर उसके दोस्त मृदुल झारिया का पूछने लगा तो उसने कहा कि मृदुल बाहर गया है इसी बात पर साहिल पटैल और साहिल के दोनो साथी उसके साथ गाली गलौज करने लगे तथा साहिल पटैल ने चाकू से हमलाकर चोट पहुँचा दी साहिल के साथी उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना गोरखपुर में आज दिनांक 6-5-25 को रात्रि हर्ष बेन उम्र 24 वर्ष निवासी ईसाई मोहल्ला गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आर ओ का काम करता है आज रात लगभग 2 बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी मोहल्ले के पारस बेन और अनमोल बेन आये और उससे शराब पीने के लिये बोले उसने मना किया तो शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया हाथमुक्कों से मारपीट कर आंख के पास चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शिव समाराधन महायज्ञ में उमड़ा धर्म प्रेमियों का जनसैलाब आज प्रातः 8~00 बजे से होगी श्रीमद् भागवत कथा

# छल कपट से रहित है मध्यप्रदेश की भूमि- इंद्रेश महाराज

## मां नर्मदा को प्रदूषण से बचने के लिए आगे आए युवा स्वामी महेंद्रानंद





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाटन! पतित पावनी मां नर्मदा के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश का ग्राम्य जीवन आज भी सरल और सहज है, इस प्रदेश की भूमि छल कपट से रहित है ,इस प्रदेश में चलने वाले सेवा प्रकल्प इसे अन्य प्रांतों से अलग पहचान दिलाते हैं, यही कारण है की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने वनवास काल के 12 वर्ष इसी मध्य प्रदेश की पावन भूमि चित्रकूट में व्यतीत किए थे इससे बड़ा और कोई प्रमाण हो नहीं सकता !भारत का उदर है मध्य प्रदेश, इस प्रदेश के लोगों के पास सब कुछ है इस प्रदेश में मानव पद्धति ,संत पद्धति, राजनीतिक पद्धति, ब्राह्मण पद्धति का निर्माण हुआ सारे विश्व के समय की काल गणना का निर्धारण भी इसी प्रदेश की उज्जैन नगरी से होती है मृत्यु को टालने की क्षमता रखने वाले महाकाल भी यहीं हैं, सब कुछ होने के बाद भी स्वभाव में सरलता और सहजता होना बड़ी बात है उक्त उदगार नर्मदा तट के प्रसिद्ध संत पूज्य महेंद्रानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में पवई अमरपुर धाम में आयोजित शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अवसर पर देश के ख्याति लब्ध भागवत प्रवक्ता इंद्रेश जी महाराज ने व्यक्त किए

गोवर्धन लीला की चर्चा करते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा की इंद्र के नाराज होने से परेशान बृजवासी यहां वहां भाग रहे थे कन्हैया ने कहा की जिसकी शरण में आए हो अर्थात गोवर्धन पर विश्वास रखो कन्हैया ने अपनी उंगली पर गोवर्धन को धारण किया जिसे देखकर बृजवासी अपने गोवंश ,बछड़ा, बछिया को लेकर गोवर्धन के नीचे आ गए और सभी ने अपनी अपनी लाठी भी गोवर्धन में लगा ली, अपनी उंगली पर गोवर्धन कैसे उठा लिया बृजवासियों द्वारा यह पूछने पर कन्हैया ने कहा कि मैंने बृजवासियों के बल से गोवर्धन उठाया है सभी के घरों से जो मैंने मक्खन खाया था उससे जो बल प्राप्त हुआ उससे मैंने गोवर्धन उठाया है पूज्य महाराज श्री ने कहा की ज्ञानी भक्त, योगी ,बैरागी ,वैदिक रीति से ठाकुर जी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु प्रेमी और सरल हृदय वाले भक्त को ठाकुर जी स्वयं लेने आते हैं

आज बृजवासियों का कन्हैया से इतना अधिक प्रेम है कि उन्हें उनकी प्रभुता दिखाई नहीं देती और ठाकुर जी भी बृजवासियों के साथ अपनी लीलाओं का प्रदर्शन करते हैं

मां नर्मदा को प्रदूषण से बचने के लिए आगे आए युवा~

कथा के अवसर पर पूज्य इंद्रेश जी ने कहा कि स्वामी महेंद्रानंद जी ने बताया कि यह कार्यक्रम नर्मदा प्रदूषण मुक्ति को लेकर के हो रहा है और हमने परसों जहां स्नान किया था वहां नर्मदा जी का प्रदूषण मैंने अनुभव किया और आज जहां स्नान किया वहां प्रदूषण कम था तो मेरी प्रार्थना है सभी श्रद्धालुओं से विशेष करके युवा पीढ़ी से क्या आप अपनी ऊर्जा को अपने समर्थ को नर्मदा जी को प्रदूषण मुक्त बनाने में लागये नहीं तो जैसे हम बृजवासी आज रो रहे हैं आंसू बहा रहे हैं यमुना जी की दशा को देखकर के मैं स्वयं यमुना जी का पुजारी हूं यमुना जी में मेरी श्रद्धा है परंतु में अभी 4 साल से स्थिति में हूं कि यमुना के जल का आगमन भी नहीं कर पा रहा हूं स्नान तो बहुत दूर है तो आज नर्मदा जी कम से कम स्नान करने योग्य तो हैं उनका जल पीने के योग्य तो है परंतु आप लोग ध्यान तरस जाओगे फिर नर्मदा जी के जरूर के लिए इसलिए जैसे भी हो सके नर्मदा जी के प्रदूषण को रोका जाए और नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन में हम स्वामी महेंद्रानंद जी के साथ हैं इनका अच्छा प्रयास है हम आगे चलकर नर्मदा परिक्रमा भी करेंगे और अमरकंटक पर्वत की जो परिक्रमा स्वामी महेंद्रानंद जी ने प्रारंभ की है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है हम भी कभी अमरकंटक पर्वत राज की परिक्रमा करेंगे उक्त उद्धार करेंगे स्वामी महेंद्रानंद का लक्ष्य है कि आज जो नर्मदा जी के प्रति बड़ी हुई श्रद्धा है वह नर्मदा जी के अस्तित्व को बढ़ाने में कामयाब हो स्वामी महेंद्रानंद जी ने कहा कि हम चाहते हैं कि घरों घर शोक टैंक बने घर का गंदा पानी घर से बाहर न निकले घर में भी लोग उतना ही पानी उपयोग में ले जीतने की आवश्यकता है व्यर्थ में जल का दुरुपयोग ना करें व्यर्थ मैनेजर को गंदा करके ना बनाएं और यह व्यवस्था जब बन जाएगी शासन उनको सब्सिडी दे और सबके घरों में ही शोक टैंक बने उसे वाटर लेवल भी बढ़ेगा और वाटर लेवल के साथ-साथ वाटर लेवल के साथ-साथ नर्मदा जी भी शुद्ध रहेंगे और जो लोग गंदा करें उन पर कार्यवाही की जाए घर का गंदा पानी बिल्कुल बहन निकल जाए कल श्रीमद् भागवत का समापन कथा सुबह 8 बजे से होगी है और अधिक से अधिक संख्या में लोग पधारे ।प्रातः कालीन सत्र में नित्य रुद्राभिषेक, हवन और सायं कालीन सत्र में ज्योतिष परामर्श विदुषी ऋचा गोस्वामी द्वारा किया जाता है। उपाध्याय जी का अभिनंदन किया। कथा यजमान सर्वेश पटेल, यज्ञ यजमान श्याम मनोहर पचौरी ने भागवत पुराण का पूजर्न कया तथा आरती उतारी। आयोजन प्रभारी बलराम यादव, अध्यक्ष हर कृष्ण पचौरी, नवनीत महेश्वरी, गौरीशंकर तिवारी, विष्णु शंकर पटेल, उमेश नारायाण पचौरी, ठाकुर राकेश सिंह, मनोज पटेल, मदन मोहन पचौरी, मुकुल पचौरी, राम विनय करसोलिया आदि ने भागवत कथा का श्रवण किया मंच संचालन जितेंद्र पचौरी द्वारा किया गया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में आज ग्राम बम्हनी में युवती द्वारा फासी लगाने की सूचना पर पहॅुची पुलिस को स्वदीप पटैल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनी ने बताया कि आज सुबह लगभग 6 बजे शेखर पटैल ने फोन करके बताया कि गांव की र्कीर्ति पटेल उम्र 26 वर्ष ने फांसी लगा ली है तो वह तुरंत आकर देखा कीर्ति पटैल घर की बडेरी में साड़ी के कपड़े का फंद्दा लगाकर फंासी में मृत अवस्था में लटकी थी जीभ बाहर निकली हुई थी तथा पैर जमीन पर टिके हुये थे उसने तुरंत सरपंच का सूचना दी थी जो घटनास्थल पर आये थे।



# जनसुनवाई के दौरान महिला ने खाया जहर, पति की शराबखोरी से परेशान होकर उठाया आत्मघाती कदम





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में आज साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने अपने पति की शिकायत करते हुए जहर खा लिया। पीड़िता की पहचान द्रोपती विश्वकर्मा ;उम्र 30 वर्षद्धए निवासी पन्ना मोहल्लाए नाला साईंए सुहागीए थाना आधारतालए जबलपुर के रूप में हुई है। महिला ने बताया कि उसके पति रमेश विश्वकर्मा पिछले 12 वर्षों से उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। आए दिन शराब पीकर मारपीट करनाए गाली.गलौच करनाए और बच्चों की देखरेख तक ना करना उसकी शिकायत में शामिल था।

महिला का आरोप है कि उसका पति उसे धमकाता था कि वह उसे जान से मार देगा। होली से पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। 30 मार्च 2025 को सुबह 7 बजे उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर वह फरार हो गया। इसके बाद से वह महिला को न तो पैसे देता है और न ही घर में रखता है। महिला ने शिकायत में बताया कि उसका पति अब अपने भाई और अन्य रिश्तेदारों के साथ दूसरी जगह रह रहा है और कहता है कि ष्तू मेरी पत्नी नहीं हैए मैं तेरे साथ नहीं रहूंगाए दूसरी शादी करूंगा।ष् महिला को उसके ससुरालवालों ने भी घर से निकाल दिया है और कोई सहायता नहीं दे रहे हैं। इस मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए जनसुनवाई में अफरा.तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत महिला को मेडिकल सहायता के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला के परिजनों ने भी थाना आधारताल में शिकायत दी थी। उनका कहना है कि उनकी बेटी लंबे समय से प्रताड़ना सह रही थी और उन्होंने कई बार ससुराल वालों से समझौते की कोशिश कीए लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

एसपी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना आधारताल को जांच सौंपी गई है और महिला के बयान के आधार पर पति व अन्य आरोपियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विक्टोरिया अस्पताल परिसर में रिश्वत ले रही थी महिला क्लर्क, लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ पकड़ा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित जिला अस्पताल विक्टोरिया में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया. जब लोकायुक्त पुलिस की टीम ने ऋक्षद्ध शाखा में पदस्थ क्लर्क विनीता विलियम को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है. महिला क्लर्क उक्त रिश्वत ऋक्षद्ध के तहत मांगी गई जानकारी देने के बदले रही थी.

इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि राकेश पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी रोड, गोल्डन टाऊन, माढ़ोताल जबलपुर मानव अधिकार एवं जन सूचना अधिकार संघ भारत संगठन में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त है जिनके द्वारा जनहित के कार्य किए जाते हैं. राकेश विश्वकर्मा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला जबलपुर कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर जानकारी मांगी. उक्त जानकारी देने के लिए ऋक्षद्ध शाखा में पदस्थ श्रीमती विनीता पति स्वर्गीय दीपेश विलियम उम्र 49 सहायक ग्रेड-3, प्रभारी ने 5000 रिश्वत की मांग की.



इस बात की शिकायत राकेश विश्वकर्मा ने लोकायुक्त आफिस पहुंचकर एसपी श्री साहू से की. शिकायत की जांच के बाद आज राकेश विश्वकर्मा विक्टोरिया अस्पताल पहुंचकर क्लर्क विनीता विलियम को परिसर में चार हजार रुपए की रिश्वत दी. तभी लोकायुक्त टीम की डीएसपी श्रीमती नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर शशिकला मस्कुले ने टीम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद से विनीता विलियम को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया.

लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही क्लर्क विनीता विलियम ने अपने आप को बचाने के लिए विवाद करने की कोशिश की लेकिन उन्हे शासकीय कार्य में बाधा न डालने का कहकर शांत करा दिया गया. क्लर्क विनीता विलियम के रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने की खबर से हड़कम्प मच गया. देखते ही देखते अस्पताल परिसर में भीड़ एकत्र हो गई थी, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही. क्लर्क विनीता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, 13(1), 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की गई.

# शराब पीने के लिए पैसे न देने पर पति ने पत्नी को मारा चाकू

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** ओम साईं दुर्गा मंदिर कंजड़ मोहल्ला निवासी नम्रता जाट ;40 वर्षद्ध ने अपने पति रितेश जाट के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नम्रता के अनुसारए बीते शाम करीब 4रू30 बजे रितेश काम पर न जाकर शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब नम्रता ने पैसे देने से मना कियाए तो वह अपनी नानी के घर चली गई।

कुछ देर बाद रितेश वहां भी पहुँच गया और फिर से शराब के लिए पैसे मांगने लगा। जब नम्रता ने दोबारा इनकार किया तो रितेश ने गालीगलौज करते हुए हाथ.पैर से मारपीट की और सब्जी काटने वाले चाकू से हमला कर माथे व दाहिनी कलाई पर चोट पहुँचा दी। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर बेलबाग थाना पुलिस ने आरोपी रितेश जाट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296ए 115;2द्धए 118;1द्धए 119;1द्धए 351;2द्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेलवे स्टेशन के फूड प्लाजा में गंदगी और नियमों की अनदेखी, सीसीएम ने दिए सील करने के निर्देश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 पर संचालित फूड प्लाजा में गंभीर लापरवाही और अव्यवस्था का मामला सामने आया है। पश्चिम मध्य रेलवे की चीफ कमर्शियल मैनेजर (पैसेंजर) रश्मि बघेल ने अचानक निरीक्षण किया, जहां शाकाहारी और मांसाहारी भोजन को एक ही जगह पकाया जा रहा था और साफ-सफाई के मानकों की भी खुली अनदेखी हो रही थी। निरीक्षण के दौरान किचन में गंदगी और खाद्य सामग्री को खुले में रखा गया था, जिससे यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ की स्थिति बन रही थी।





रसोई में काम करने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस लापरवाही पर तत्काल एक्शन लेते हुए सीसीएम रश्मि बघेल ने फूड प्लाजा को सील करने के निर्देश दे दिए। यह फूड प्लाजा 'फूड ट्रक' नाम से शिव एंड संस कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो कि आईआरसीटीसी के अधीन आता है। सीसीएम ने इस पूरे मामले की जानकारी ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट को भी भेज दी है।

निरीक्षण के दौरान सीसीएम ने जब कर्मचारियों से प्रश्न किए, तो वे संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए सीसीएम ने कहा कि यात्रियों के स्वास्थ्य और धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**नमः वेटिंग लाउंज और साहनी कैंटीन में भी मिली गंदगी**

फूड प्लाजा के अलावा सीसीएम ने प्लेटफार्म एक पर स्थित नमः वेटिंग लाउंज और साहनी कैंटीन का भी निरीक्षण किया, जहां गंदगी के हालात पाए गए। अब इन दोनों केंद्रों को भी नोटिस जारी करने और अर्थदंड लगाने की तैयारी की जा रही है।

**पहले भी सामने आई थीं कमियां**

कुछ दिनों पहले भी प्लेटफार्म-6 स्थित जन आहार केंद्र को गंदगी के कारण बंद कर दिया गया था। अब दोबारा इस तरह की लापरवाही सामने आना रेलवे प्रशासन की बड़ी चिंता का विषय है।

# एक और शातिर बदमाश पवन रजक एन.एस.ए. में गिरफ्तार

**जबलपुर-** थाना रांझी में प्रदीप दुबे उम्र 44 वर्ष निवासी पुराना शोभापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 27-3-25 को रात लगभग 11-30 बजे वह अपने घर में मोटर सायकल अंदर खड़ी कर रहा था तभी पवन रजक उसे आवाज लगाकर बुलाया तो वह घर से बाहर निकला तो पवन रजक, कृष्णा रजक, शुभम सेन, शीपू ठाकुर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो चारों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर शुभम सेन एवं शीपू ठाकुर ने उसे पकड़ लिया एवं बोले कि इसकी हत्या कर देते हैं, पवन रजक एवं कृष्णा रजक ने हत्या करने की नियत से चाकू से हमला करने लगे उसने बचाव किया तो उसके वायें पैर की जांघ में सामने एवं पीछे तरफ चोटें आयीं आसपास के लोगों का आते देख दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# शादी कार्ड बांट रहे बाइक सवार युवक वैन से टकराए, ओवरटेक करते वक्त दुर्घटना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी के जबलपुर-दमोह रोड पर आज मोटर साइकल सवार युवक ट्रक को ओवरटेक करते वक्त सामने से आ रही वैन से टकराए गए।

दुर्घटना में दोनों युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ओंकार आदिवासी के बड़े बेटे की शादी है, जिसके चलते छोटा बेटा अखिलेश उम्र 25 वर्ष व दुर्गेश उम्र 19 वर्ष शादी के कार्ड बांटने मोटर साइकल से खगरिया गांव आए थे। यहां से कार्ड बांटकर अपने घर के लिए निकले। जब वे तेंदूखेड़ा दुर्गा मंदिर के सामने से आगे बढ़ थे, इस दौरान दोनों ने ट्रक को ओवरटेक किया, तभी सामने से आई वैन से टकरा गए। वैन से टकराकर दोनों युवक मोटर साइकल सहित उछलकर दूर जा गिरे, जिससे शरीर पर गंभीर चोटें आई। राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर म.प्र.

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO. / PWD-16/PRO N0.99 Date 06/05/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | T. ID 2025_UAD_ 421355_1 Date- 19/05/2025 | संभाग क्रं.-16 संजय गाँधी वार्ड अंतर्गत रहीस मिठाई से कलन्दर होटल तक नाला निर्माण कार्य। (अन्य मद) | 04 माह 27.59 लाख | 5000/- 20694/- | 17.06.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 95 Date-06/05/2025 2025_UAD_ 421393_1 | संभाग क्रमांक- 11 वार्ड 79 पिपरिया सोनपुर हाई स्कूल से नहर तक सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। | 02 माह 8.32 | 2000/- 8328/- | 15.05.2025 |

**नोटः** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/26/ दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शिवा खत्री, पिता- श्री राजकुमार खत्री एवं श्रीमती प्रीती खत्री, पति- श्री शिवा खत्री** भवन क्रं. फ्लैट नं. 203 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** द्वितीयतल 569 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. फ्लैट नं. 203 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री भूपेन्द्र सिंह, पिता- श्री हरभजन सिंह के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/25/ दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गोपीचंद वासवानी, पिता- श्री इंद्र लाल वासवानी** भवन क्रं. 2917/1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 407 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 2917/1 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती कविता नेचलानी, पति- श्री गुलाब चंद नेचलानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2025-26/ एम/24/ दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुजय पॉल, पिता श्री एन.जी. पॉल एवं श्रीमती अनघा पॉल, पति- श्री सुजय पॉल** भवन क्रं. 3039 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** प्लाट 6000 व.फु., भूतल 1410 व.फु., प्रथमतल 1110 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रं. 3039 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री मान सिंह दीक्षित, पिता- स्व. श्री लक्ष्मण सिंह दीक्षित के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.-सं.अधि./10 / रांझी/ 2025 एम/03/2025-26 दिनांक 06.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **काबिज आर्दश कुशवाहा समाज रांझी जबलपुर** ने भवन क्रं. 3905/3सी, पिन क्र. 1003034366 **वार्ड क्र. 63, वार्ड शहीद भगत सिंह ,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री दद्दी प्रसाद कुशवाहा, पिता- स्व. श्री कालूराम, क्षेत्रफल 1250 व.फु. आर.सी.सी., भूतल 1250 व.फु. आर.सी.सी., **हक त्यागपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु/ शासकीय नजूल भूमि/ भवन में काबिज नामातंरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में कर वसूली हेतु अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 23 दिनांक 06.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती सेजल रोहित शाह, पति- श्री रोहित शाह, 2. श्रीमती प्रिया चिराग शाह, पति- श्री चिराग शाह** ने मकान नं.1960 सम्पत्ति पिन नं. 1000499484 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 2000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 22 दिनांक 06.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती अर्पणा वर्मा, पति- श्री रामचन्द्र वर्मा** ने मकान नं.1816 ब्लाक नं. 6 सम्पत्ति पिन नं. 2000223445 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** प्रथमतल 240 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 21 दिनांक 06.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती अर्पणा वर्मा, पति- श्री रामचन्द्र वर्मा** ने मकान नं.1816 ब्लाक नं. 5 सम्पत्ति पिन नं. 2000403400 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** प्रथमतल 735 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 20 दिनांक 06.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती अर्पणा वर्मा, पति- श्री रामचन्द्र वर्मा** ने मकान नं.1816 सम्पत्ति पिन नं. 1000494570 **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 1112 व.फु., भूतल 864 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 25/एम/27 दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राकेश कुमार जैन, पिता- श्री आनंद जैन** ने मकान नं. भूखण्ड क्रं. 370 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 510 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 25/एम/25 दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नेहा अग्रवाल, पति- श्री दीपक अग्रवाल** ने मकान नं. प्लाट नं. 03/ई **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 108 व.फु., भूतल 108 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999